● जयपुर, रविवार 5 जनवरी 25 ● वर्ष 14 ● अंक 138 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

पेज @ 3 बारां जिले में डीएसटी व थाना अन्ता पुलिस की कार्रवाई...

पेज @ 4 केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अजमेर...

पेज @ 8 भाजपा सरकार ने महात्मा गांधी अंग्रेजी स्कूल बंद किए तो कांग्रेस विरोध कर...

## संक्षिप्त खबरें

### आआपा विधायक नरेश बाल्यान की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मकोका से जुड़े मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के उत्तम नगर से विधायक नरेश बाल्यान की जमानत याचिका पर आज सुनवाई टाल दी। स्पेशल जज कावेरी बावेजा के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई टली। जमानत याचिका पर अगली सुनवाई अब आठ जनवरी को होगी। आज ही दिल्ली पुलिस ने इस मामले के एक आरोपित रितिक पीटर के खिलाफ मकोका की धारा 3 के तहत लगभग 300 पेज की पहली चार्जशीट दाखिल की। कोर्ट चार्जशीट पर संज्ञान लेने के लिए नौ जनवरी को सुनवाई करेगा। मकोका के मामले में नरेश बाल्यान नौ जनवरी तक की न्यायिक हिरासत में है। चार दिसंबर को वसूली के मामले में बाल्यान को जमानत मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने मकोका के मामले में गिरफ्तार किया था।

### दिल्ली : भाजपा ने जारी की 29 उम्मीदवारों की पहली सूची

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को 29 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। महत्वपूर्ण नई दिल्ली विधान सभा सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भाजपा ने प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और कालकाजी सीट से मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ रमेश बिधूड़ी को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इसके अलावा आप से बगावत कर के भाजपा में शामिल होने वाले कैलाश गहलोत को बिजवासन सीट से टिकट दिया गया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधान सभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार पहले ही घोषित कर चुकी है। कांग्रेस ने भी 43 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की दी है।

### मणिपुर में सुरक्षाबलों ने हथियार और गोला-बारूद बरामद किया

**इंफाल।** मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। तलाशी और नियंत्रण अभियान के दौरान कांगपोकपी जिले के लोइबोल खुनौ क्षेत्र से हथियारों और गोला-बारूद को जखीरा सुरक्षाबलों के हाथ लगा है। बताया गया है कि 7.62 एमएम स्नाइपर राइफल, एक इम्प्रोवाइज्ड लॉन्ग रेंज मोर्टार (पंपी), तीन पिस्तौल (9एमएम) और तीन मैगजीन, 12 बोर गन, एसबीबीएल गन, 10 कारतूस, तीन हैंड ग्रेनेड (नंबर 36), तीन पिकेट ग्रेनेड (एंटी-रायट), दो आंसू गैस ग्रेनेड (एंटी-रायट) और एक वायरलेस सेट (मोटोरोला) बरामद किया गया है।

### बारामूला में दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने शनिवार को एक महिला सहित दो कथित तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उरी में बेला क्रॉसिंग बोनियार में एक जांच चौकी पर एक संदिग्ध को रोका गया और तलाशी के दौरान उसके पास से 50 ग्राम चरस बरामद किया गया। तस्कर की पहचान हुंडी नौशेरा निवासी रफीक अहमद शेख के तौर पर की गयी और उसको गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ बोनियार थाने में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

# इसरो का एक और बड़ा कमाल, अंतरिक्ष में अंकुरित हुए लोबिया के बीज, जल्द निकलेंगे पत्ते

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी कि इसरो नए एक और बड़ा कमाल किया है। इसरो ने अंतरिक्ष में लोबिया के बीजों को अंकुरित कराने में सफलता हासिल की है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि जल्द ही इनमें से पत्ते भी निकलेंगे। बता दें कि इसके साथ ही इसरो ने कम गुरुत्वाकर्षण में पौधों की वृद्धि का अध्ययन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इस प्रयोग से वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिलेगी कि अंतरिक्ष में पौधों की वृद्धि कैसे होती है जिससे लंबे स्पेस ऑपरेशन्स में काफी मदद मिल सकती है।

इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक ट्वीट करके इस बारे में जानकारी दी। उसने लिखा, 'स्पेस में जीवन का आरंभ! वीएसएससी का सीआरओपीएस (कंपैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज) प्रयोग पीएसएलवी-सी60 पीओईएम-4 पर सफलतापूर्वक हुआ। चार दिन में लोबिया के बीजों में हुआ अंकुरण, पत्तियां जल्द ही निकलने की उम्मीद।' बता दें कि लोबिया के इन बीजों को स्पेड एक्स मिशन के साथ 30 दिसंबर को पीएसएलवी-सी60 रॉकेट से भेजा गया था। विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) द्वारा विकसित कंपैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज (सीआरओपीएस) प्रयोग ने माइक्रोग्रैविटी यानी कि कम गुरुत्वाकर्षण में पौधों की वृद्धि का अध्ययन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। यह प्रयोग पीएसएलवी-सी60 मिशन के पीओईएम -4 प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया गया था, और इसके तहत सिर्फ 4 दिनों के भीतर लोबिया के बीजों को सफलतापूर्वक अंकुरित किया गया है, और अब पत्तियां निकलने की उम्मीद है। सीआरओपीएस का उद्देश्य यह समझना है कि अंतरिक्ष में पौधों की वृद्धि कैसे होती है, जो भविष्य के लंबे स्पेस ऑपरेशंस में फसल उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। बता दें कि इस प्रयोग में लोबिया के 8 बीजों को एक नियंत्रित वातावरण में उगाया गया है, जिसमें सक्रिय थर्मल नियंत्रण है। इसके तहत उन परिस्थितियों का अनुकरण करने की कोशिश की गई है, जिनसे पौधे अंतरिक्ष यात्रा के दौरान गुजर सकते हैं। यह उपलब्धि भारत के अंतरिक्ष जीवविज्ञान अनुसंधान में एक बहुत बड़ा मील का पत्थर है। इस प्रयोग का यहां तक सफल होना अंतरिक्ष में पौधे उगाने की भारत की काबिलियत को दिखाता है।

### ग्रामीण भारत महोत्सव का हुआ आगाज, प्रधानमंत्री मोदी ने किया उद्घाटन

# भारत में ग्रामीण गरीबी घटकर पांच प्रतिशत से भी कम हुई : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास की अनदेखी करने और गरीबी हटाओ के केवल नारे लगाने को लेकर पिछली सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2014 से वह ग्रामीण भारत की सेवा में जुटे हैं और उसी का परिणाम है कि आज ग्रामीण भारत में ग्रामीण गरीबी 5 प्रतिशत से नीचे आ गयी है।

प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार को ग्रामीण भारत महोत्सव-2025 के उद्घाटन के बाद कहा कि ग्रामीण भारत महोत्सव के साथ वर्ष की शानदार शुरूआत भारत की विकास यात्रा को दर्शाती है और एक विशिष्ट पहचान बनाती है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और अन्य योगदानकताओं को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एसबीआई की ताजा शोध रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कल ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट आई है, जिसके अनुसार 2012 में भारत में ग्रामीण गरीबी करीब 26 प्रतिशत थी। जबकि 2024 में ग्रामीण गरीबी घटकर 5 प्रतिशत से भी कम हो गई है।

कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि सालों से गरीबी हटाओ के नारे सुनाई देते रहे लेकिन अब वास्तव में गरीबी कम हो गई है। मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने एससी-एसटी-ओबीसी की आवश्यकताओं की ओर ध्यान नहीं दिया। गांव से पलायन होता रहा, गरीबी बढ़ती रही, गांव और शहर के बीच की खाई बढ़ती रही। जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा है। जो इलाके दशकों से विकास से वंचित थे, अब उन्हें बराबरी का हक मिल रहा है। उन्होंने कहा, 'ये सब काम (गांवों को सशक्त बनाने का) पहले की सरकारों में भी तो हो सकते थे...मोदी का इंतजार करना पड़ा क्या? आजादी के दशकों बाद भी हमारे देश के गांव बुनियादी जरूरतों से वंचित थे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ी जातियों की ज्यादातर आबादी गांवों में रहती है। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने उनकी जरूरतों को नजरअंदाज किया लेकिन मोदी इन गांवों को सशक्त बना रहे हैं और उन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो पहले उपेक्षित थे।'



#### ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना हमारा लक्ष्य

उन्होंने कहा कि वह 2014 से ग्रामीण भारत की सेवा में लगे हैं। गांव के लोगों को गरिमापूर्ण जीवन देना सरकार की प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य गांवों को विकास और अवसर के जीवंत केंद्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-किसान योजना के तहत किसानों को 3 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है। पिछले 10 वर्षों में कृषि ऋण 3.5 गुना बढ़ाया गया है। देश में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है और अब तक 1.15 करोड़ ग्रामीण महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। हमारा विजन भारत के गांव के लोग सशक्त बनें, उन्हें गांव में ही आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले, उन्हें पलायन न करना पड़े, गांव के लोगों का जीवन आसान हो, इसलिए हमने गांव-गांव में मूलभूत सुविधाओं की गारंटी का अभियान चलाया। गांव के हर वर्ग के लिए विशेष नीतियां बनाई हैं।

#### ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा से भर रहे हैं

प्रधानमंत्री ने कहा कि दो-तीन दिन पहले ही कैबिनेट ने 'पीएम फसल बीमा योजना' को एक वर्ष अधिक तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। दुनिया में डीएपी का दाम बढ़ रहा है, आसमान छू रहा है, लेकिन हमने निर्णय किया कि हम किसान के सिर पर बोझ नहीं आने देंगे और हमने सब्सिडी बढ़ाकर डीएपी का दाम स्थिर रखा है। हमारी सरकार की नीयत, नीति और निर्णय ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा से भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि के अलावा भी हमारे गांव में अलग-अलग तरह के पारंपरिक कला और कौशल से जुड़े हुए कितने ही लोग काम करते हैं। रूरल इकोनॉमी और लोकल इकोनॉमी में इनका बड़ा योगदान रहा है, लेकिन पहले इनकी भी उपेक्षा हुई। अब हम उनके लिए पीएम विश्वकर्मा योजना चला रहा हैं। ये योजना देश के लाखों विश्वकर्मा साथियों को आगे बढ़ने का मौका दे रही है।

### बांदीपोरा में सेना का वाहन खाई में गिरा

# चार जवान बलिदान

एजेंसी

**बांदीपोरा।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार को सेना का एक वाहन खाई में गिर गया। हादसे में चार जवानों का बलिदान हो गया, जबकि दो घायल हैं। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना जिले के एसके पायीन इलाके में हुई। सेना का वाहन सड़क से फिसलकर पास की खाई में गिर गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद बचाव अभियान शुरू कर दिया गया था।

एमएस बांदीपोरा अस्पताल के डॉ. मसरत ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए छह में से पांच सैन्य कर्मियों को अस्पताल लाया गया। उन्होंने बताया कि इनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि तीन गंभीर घायलों को श्रीनगर रेफर किया गया। इस दौरान एक जवान ने रास्ते में दम तोड़ दिया। इसी बीच सूत्रों के अनुसार एक और सैनिक की श्रीनगर के एक अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई है जिससे इस हादसे में बलिदान हुए सैनिकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है।

## वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक राजगोपाल चिदंबरम का 88 वर्ष की आयु में निधन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक डॉ राजगोपाल चिदंबरम का शनिवार को मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक संदेश में कहा कि डॉ. राजगोपाल चिदंबरम भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे और उन्होंने भारत की वैज्ञानिक एवं सामरिक क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. राजगोपाल चिदंबरम के निधन से बहुत दुःख हुआ। वे भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे और उन्होंने भारत की वैज्ञानिक और सामरिक क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें पूरा देश कृतज्ञता के साथ याद करेगा और उनके प्रयास आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे।

● प्रधानमंत्री ने शोक व्यक्त किया



### आय से अधिक संपत्ति मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## दिवंगत जेल डीआईजी की 4.68 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क

एजेंसी

**भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए भोपाल जेल के तत्कालीन डीआईजी जेल स्व. उमेश कुमार गांधी, उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों से संबंधित 4.68 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई तत्कालीन डीआईजी गांधी के घर 12 साल पहले विशेष स्थापना पुलिस (लोकायुक्त) द्वारा पुलिस द्वारा मारे गए छापे के संबंध में की गई है।

ईडी द्वारा शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) 1860 की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी एक्ट) के तहत लोकायुक्त पुलिस भोपाल ने उमेश कुमार गांधी के खिलाफ कार्रवाई की थी। गांधी पर अनुपातहीन संपत्ति का संचय करने के आरोप में जांच की गई और लोकायुक्त पुलिस भोपाल ने इस मामले में दो आरोप पत्र दाखिल किए हैं। पहला आरोप पत्र विशेष न्यायालय में पीसी एक्ट के तहत और दूसरा प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल की अदालत में दायर किया गया है।

इन मामलों में तत्कालीन जेल डीआईजी उमेश कुमार गांधी, अजय कुमार गांधी (तत्कालीन जेल प्रहरी, जिला जेल सीहोर), और अर्चना गांधी (उमेश कुमार गांधी की पत्नी) पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। इन पर 5.13 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति जुटाने के मामले में यह कार्रवाई की गई है।

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, छह की मौत

एजेंसी

**विरुधुनगर।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के चतुर इलाके में शनिवार को एक निजी पटाखा फैक्टरी में हुए जबरदस्त विस्फोट में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से वहां पर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। यह विस्फोट कितना जबरदस्त था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फैक्टरी के चार कमरे पूरी तरह जमींदोज हो गए हैं। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने वहां से छह लोगों के शव बरामद किए हैं। अभी वहां पर आग बुझाने और तलाशी का काम किया जा रहा है।



विरुधुनगर जिले के चतुर इलाके में पोमियापुरम गांव के निवासी बालाजी की इसी गांव में साईनाथ फायर वर्क्स नाम से पटाखा फैक्टरी है। इसके लिए उन्होंने केन्द्रीय विस्फोटक नियंत्रण विभाग से लाइसेंस भी ले रखा है। बताया जा रहा है कि आज सुबह पौने दस बजे के करीब पटाखा फैक्टरी में जबरदस्त विस्फोट हो गया। हादसे के वक्त फैक्टरी के 35 कमरों में 80 से ज्यादा मजदूर पटाखों के निर्माण में लगे हुए थे। बताया गया है कि यह विस्फोट पटाखा बनाने के लिए रसायन मिलाते समय अचानक घर्षण के कारण हुआ। इस विस्फोट में 4 कमरे पूरी तरह जमींदोज हो गये। इन कमरों में मौजूद 6 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि इस घटना में और किसी के घायल या नुकसान होने के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। शिवकाशी और चतुर अग्निशमन विभाग की टीम आग बुझाने में जुटी हुई है।

**पशुपालन** 'मिशन मधुमक्खी' कार्यक्रम के तहत श्वेत क्रांति के बाद मधु क्रांति की बड़ी पहल

# अमूल डेयरी के पशुपालकों ने किया 16,000 किलो शहद का उत्पादन

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में किसानों को मधुमक्खी पालन जोड़ने और इसके जरिए उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। 'मिशन मधुमक्खी' कार्यक्रम में एक बड़ी पहल है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अमूल डेयरी के पशुपालकों ने 16,000 किलो शहद का उत्पादन किया है, जो इस योजना की उल्लेखनीय सफलता को दर्शाता है।

'मिशन मधुमक्खी' कार्यक्रम को खेड़ा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ, आणंद (अमूल डेयरी) के माध्यम से कार्यान्वित किया गया है। इस प्रोजेक्ट से श्वेत क्रांति के बाद मधु क्रांति की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है। अमूल डेयरी ने इस वर्ष की शुरूआत में प्रति लाभार्थी 10,000 रुपये के योगदान के साथ आणंद, खेड़ा और महिसागर जिले के 284 सभासद पशुपालक किसानों को मधुमक्खी पालन के इस प्रोजेक्ट में शामिल किया। डेयरी की ओर से प्रत्येक सभासद को मधुमक्खी के 10 बॉक्स और 5 सभासदों के बीच एक हनी एक्सट्रैक्टर भी दिया गया। इन 284 पशुपालकों ने अब तक लगभग 16,000 किलो शहद का रिकॉर्ड उत्पादन कर प्रोजेक्ट की सफलता का एक नया अध्याय लिखा है।

अमूल डेयरी की प्रोसेसिंग और पैकिंग इकाई ने इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत अब तक करीब 2 टन शहद की प्रोसेसिंग की है। इतना ही नहीं, ये सभासद पशुपालक अमूल के अलावा सीधे बिक्री के माध्यम से भी आय अर्जित कर रहे हैं। खास बात यह है कि इन सभासदों ने पहले ही वर्ष के दौरान मधुमक्खी पालन के लिए योगदान के रूप में निवेश की गई पूंजी का लगभग 75 फीसदी वापस पा लिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'मन की बात' में मीठी क्रांति का उल्लेख कर चुके हैं, जो मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की एक बड़ी पहल है।



#### 'मिशन मधुमक्खी' कार्यक्रम के लिए पात्रता

राज्य की चारों कृषि यूनिवर्सिटी, कृषक विज्ञान केंद्र, बागवानी विभाग तथा पंजीकृत किसान समूह, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी), 'ए' ग्रेड की सहकारी संस्थाएं, सहकारी डेयरी और जिला दुग्ध सहकारी संघ इस कार्यक्रम का लाभ उठा सकते हैं।

#### कार्यक्रम के तहत देय सहायता

गुजरात सरकार के अनुसार कार्यक्रम के अंतर्गत पात्र लाभार्थी समूह, संगठन या संस्थाओं को मधुमक्खी पालन के लिए बॉक्स, आधुनिक तरीके से छत्ते से शहद निकालने के लिए हनी एक्सट्रैक्टर यंत्र, फूड ग्रेड कंटेनर एवं अन्य उपकरणों के अलावा प्रसंस्करण, पैकेजिंग, कोल्ड रूम, मधुमक्खी प्रजनन, न्यूक्लियस कल्चर और मधुमक्खी क्लीनिक तैयार करने के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुसार सहायता दी जाती है। 'मिशन मधुमक्खी' कार्यक्रम के अंतर्गत 2022-23 में जूनागढ़ कृषि यूनिवर्सिटी को मधुमक्खी प्रजनन और क्लीनिक प्रोजेक्ट के लिए 53 लाख रुपये की सहायता दी गई है। वहीं, 2024-25 में अमूल डेयरी के प्रोजेक्ट को 127.43 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई है।

### दिल्ली में कोहरे से कोहराम

# विजिबिलिटी शून्य, रेल और विमान यात्री परेशान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** समूचा उत्तर भारत आज कोहरे की गिरफ्त में है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोगों को घने कोहरे से दो-चार होना पड़ा। लगातार दूसरे दिन दिल्ली घने कोहरे की सफेद चादर में लिपटी नजर आ रही है। इससे दिल्ली के कई इलाकों में विजिबिलिटी न के बराबर है। कुछ जगहों पर ड्राइविंग करते समय 10 मीटर दूर देखना भी संभव नहीं हो पाया। कई इलाकों में विजिबिलिटी शून्य है। खराब दृश्यता का असर रेल और हवाई यातायात पर पड़ा है और यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। रेलवे ने आज सुबह लगभग छह बजे दिल्ली पहुंचने वाली 49 ट्रेनों के देरी से चलने और 22 गाड़ियों के प्रस्थान समय में परिवर्तन की सूचना दी है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर भारत में कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आज सुबह उत्तर भारत के लगभग सभी एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी शून्य है। दिल्ली-एनसीआर में भी कई इलाकों में विजिबिलिटी शून्य दर्ज की गई। कोहरे के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर 100 से ज्यादा उड़ान प्रभावित हुई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर अभी तक 30 उड़ानों को रद्द किया गया है।

# स्कूलों में छात्रों की संख्या का घटना चिंताजनक

शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत-सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5,000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14,89,115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26,52,35,830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022-23 व 2023-24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है। यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है। क्या स्कूली शिक्षा ज्यादातर बच्चों की पहुंच के बाहर है? क्या शिक्षा का आकर्षण पहले की तुलना में घटा है?

भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है। भारत में शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न चरण शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। डेटा एग्रीगेशन प्लेटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की यह ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर होने के बावजूद छात्रों की संख्या का घटना गहन विमर्श का विषय है। शिक्षा मानव-जीवन के विकास का आधार स्तंभ है। शिक्षा के अभाव में मानव-जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यह मनुष्य को उत्कृष्टता एवं उच्चता के शिखर पर स्थापित करती है। शिक्षा प्रकाश एवं शक्ति का ऐसा स्रोत है जो नये भारत के विकास का आधार है। जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके नये भारत, सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूती देता है।

देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन छात्रों के नामांकन में गिरावट देखी गई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला छात्रों का नामांकन 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी श्रेणियों यानी लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक शिक्षा के बीच में छात्रों के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्तर में होने वाली बढ़ोतरी ज्यादा परेशान करने वाली है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2 प्रतिशत है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9 प्रतिशत हो जाती है। इसके पीछे ओबीसी और एससी-एसटी श्रेणी के छात्रों को दाखिले के दौरान होने वाली जटिल प्रक्रिया, मुश्किलें और किसी अभावग्रस्त छात्र के लिए आर्थिक मदद या छात्रवृत्ति जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है। छात्रों के नामांकन की घटती संख्या को जाति के आधार पर अगर देखें, तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के नामांकन में 25 लाख से अधिक, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के छात्रों में 12 लाख और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के छात्रों में दो लाख की गिरावट हुई है। नामांकन से वंचित हुए अल्पसंख्यक छात्रों की संख्या तीन लाख है, जबकि इनमें से एक तिहाई मुस्लिम हैं। भारत में नई पीढ़ी को यथोचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है।

शिक्षा से वंचित रहने के जो कारण हैं, उनमें सबसे बड़ा कारण गरीबी है। सरकारी स्तर पर सरकारों ने गरीब छात्रों के लिए अनेक इंतजाम किए हैं, पर इन इंतजामों का सभी छात्रों तक समान रूप से पहुंचना आसान नहीं है। निचले स्तर पर शिक्षकों और शिक्षा कर्मचारियों को जितना सजग होना चाहिए, उतना सजग वे नहीं हो पा रहे हैं। भारत जैसे देश में शिक्षा एक अभियान है, इसके लिए अगर नियोजित एवं उत्साहपूर्ण माहौल न बनाया जाए, तो गरीब व वंचित बच्चों तक शिक्षा को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है। कोई संदेह नहीं कि किसी भी अभियान में अगर समर्पित लोग आपके पास नहीं हैं, तो फिर उस अभियान की सफलता संदिग्ध हो जाती है। भारत में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। यदि हमें सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करना है और सही दिशा में आगे बढ़ना है तो कई पहलुओं एवं मोर्चों पर काम करना आवश्यक है। हमारी आजादी के बाद से ही शिक्षा क्षेत्र में कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्होंने हमें दुनिया में एक विकसित राष्ट्र बनने से रोक दिया है। भारत में एक सभ्य शिक्षा प्रणाली के महत्व की जरूरत को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नयी शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। देश की शिक्षा प्रणाली को नया आकार दिया जा रहा है और शिक्षा से जुड़े कई बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। प्रणाली को आधुनिक बनाने और व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू करने के प्रयास हो रहे हैं।

बहरहाल, यह खुशी की बात है कि अब भारत के 91.7 प्रतिशत स्कूलों तक बिजली पहुंच चुकी है। अभियान चलाकर देश के बाकी बचे स्कूलों तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। देश में 98 प्रतिशत से ज्यादा स्कूलों तक पेयजल सुविधा के साथ ही टॉयलेट की सुविधा पहुंच चुकी है। स्कूलों को संसाधन संपन्न बनाने के साथ ही शिक्षकों और पुस्तकों की गुणवत्ता एवं स्कूलों को संसाधन के स्तर पर भी बहुत मजबूत करने की जरूरत है। भारत के 60 प्रतिशत स्कूलों में भी कंप्यूटर उपलब्ध नहीं हैं और इंटरनेट की सुविधा वाले स्कूलों की संख्या 50 प्रतिशत से भी कम है। आज के समय में जब हमें बड़े पैमाने पर कुशल कामगारों की जरूरत पड़ेगी, तब किसी का कंप्यूटर शिक्षा से वंचित होना बहुत महंगा पड़ेगा। आज के समय में हर छात्र या हर नागरिक को कंप्यूटर और इंटरनेट का सामान्य ज्ञान होना ही चाहिए। कंप्यूटर आज के समय में विलासिता नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य जरूरत है।

# मोदी युग: मानसिक स्वास्थ्य का क्रांतिकाल



शिवेश प्रताप

3 दिसंबर 2024 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने मानसिक स्वास्थ्य के लिए मोदी सरकार के महत्वपूर्ण प्रयासों के बारे में राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया। एक ऐसा विषय जिसने मोदी सरकार के इस उत्कृष्ट प्रयास के बारे में बहुत जरूरी चर्चा को जन्म दिया है। मोदी युग ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण मोड़ को चिह्नित किया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित करने और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को मुख्यधारा की स्वास्थ्य देखभाल नीतियों में एकीकृत करने पर अधिक ध्यान दिया गया। मोदी सरकार से पहले, भारत में मानसिक स्वास्थ्य को काफी हद तक नजरअंदाज किया गया और मानसिक बीमारियों को लेकर लोगों में शर्म और भ्रान्ति थी। नरेन्द्र मोदी के शासन में मानसिक स्वास्थ्य को महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में मान्यता देने की दिशा में बदलाव हुआ।

## मानसिक स्वास्थ्य और इसका महत्व

भारत में मानसिक स्वास्थ्य गलत समझा जाने वाला विषय बना हुआ था। लगभग 14% भारतीयों को सक्रिय मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप की आवश्यकता होने के बावजूद, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2015-16) में पाया गया कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं वाले लगभग 80% लोग सामाजिक कलंक, जागरूकता की कमी या देखभाल तक सीमित पहुँच के कारण मदद नहीं लेते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ मानसिक बीमारी का न होना नहीं है; इसमें भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण शामिल है, जो व्यक्ति के सोचने, महसूस करने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करता है। एक स्वस्थ दिमाग उत्पादक जीवन, सामंजस्यपूर्ण समाज और संपन्न अर्थव्यवस्था का आधार है। भारत जैसे देश के लिए जो 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने की आकांक्षा रखता है, मानसिक स्वास्थ्य को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। मानसिक स्वास्थ्य को राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे में एकीकृत करना अनिवार्य है।

## भारत का मानसिक स्वास्थ्य परिदृश्य

भारत एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) के अनुसार, भारत की लगभग 7.5% आबादी मानसिक विकारों से पीड़ित है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2015-16) से पता चला है कि लगभग 15% भारतीय वयस्कों को सक्रिय मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप की आवश्यकता है, मानसिक स्वास्थ्य खराब है और इसके लिए पर्याप्त धन नहीं है। चौंकाने वाली बात यह है कि देश में प्रति 100,000 लोगों पर एक से भी कम मनोचिकित्सक हैं, जबकि हल्ड ने प्रति 100,000 पर तीन मनोचिकित्सक होने की सिफारिश की है। भारत में मानसिक विकारों के लिए उपचार का अंतर 70-92% के बीच है और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान का अनुमान 2012 और 2030 के बीच 1.03 ट्रिलियन डॉलर है (World Economic Forum)। ऐसे चौंकाने वाले आँकड़े मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिए मजबूत नीतियों और बुनियादी ढाँचे की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

अमेरिका मानसिक स्वास्थ्य पर सालाना 238 बिलियन डॉलर से ज़्यादा खर्च करता है, जहाँ हर 100,000 लोगों पर लगभग 12 मनोचिकित्सक हैं। इसी तरह, यूरोप में मानसिक स्वास्थ्य प्रणाली अच्छी तरह से विकसित है, जहाँ जर्मनी जैसे देश हर 10,000 लोगों पर 18 से ज़्यादा मनोरोग विशेषज्ञ उपलब्ध कराते हैं। इस बीच, चीन में 2013 में अपने पहले मानसिक स्वास्थ्य कानून के बाद से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी है।

## मानसिक स्वास्थ्य सेवा अधिनियम 2017: एक महत्वपूर्ण मोड़

मोदी के नेतृत्व में सरकार ने मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों को संबोधित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। मानसिक स्वास्थ्य सेवा अधिनियम, 2017, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के दौरान पेश किया गया था, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने इसके निर्माण और परिचय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह अधिनियम भारतीय संसद द्वारा पारित किया गया था और मई 2018 में लागू हुआ। अधिनियम का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि यह मानसिक बीमारी को मानवाधिकार के मुद्दे के रूप में मान्यता देता है, यह सुनिश्चित करता है कि मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति वाले व्यक्तियों के साथ बहिष्कृत जैसा व्यवहार न किया जाए, बल्कि वे कानून के तहत देखभाल, उपचार और सुरक्षा के हकदार हों। अधिनियम में यह अनिवार्य किया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ सभी के लिए उपलब्ध होनी चाहिए, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, मानसिक स्वास्थ्य को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में एकीकृत करके और यह सुनिश्चित करके कि सेवाएँ सभी स्तरों पर उपलब्ध हों। यह आत्महत्या के अपराधीकरण पर भी जोर देता है और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति दयालु, पुनर्वास दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है।

## आयुष्मान भारत के तहत व्यापक मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को शामिल करना, जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में जाना जाता है, एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने 1.73 लाख से अधिक उप-स्वास्थ्य केंद्रों (एसएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सफलतापूर्वक अपग्रेड किया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ जमीनी स्तर पर उपलब्ध हों। ये केंद्र अब मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करते हैं, जिसमें आउटपेशेंट परामर्श, मनो-सामाजिक हस्तक्षेप, मूल्यांकन, परामर्श, निरंतर देखभाल और आवश्यक दवाओं तक पहुँच शामिल है। यह दृष्टिकोण मानसिक बीमारियों का शीघ्र पता लगाना और उनका प्रबंधन सुनिश्चित करता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कलंक और बाधाओं को कम किया जा सकता है।

## जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम: स्थानीय स्तर पर कमियों को दूर करना

767 जिलों में लागू जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक सेवाओं का विस्तार करके भारत के मानसिक स्वास्थ्य ढांचे को काफी मजबूत किया गया है। यह देखभाल का एक मजबूत नेटवर्क प्रदान करता है, जिसमें आउट पेशेंट देखभाल, मनो-सामाजिक परामर्श, आउटरीच कार्यक्रम और एम्बुलेंस सेवाओं जैसी आवश्यक सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। यह व्यापक दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप वंचित और कमज़ोर आबादी तक पहुँचे, जिससे कल्याण के समग्र मॉडल को बढ़ावा मिले।

## राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम: डिजिटल क्रांति

10 अक्टूबर, 2022 को लॉन्च किया गया, राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (ठळटलढ) मानसिक स्वास्थ्य सेवा में एक डिजिटल छलांग का प्रतिनिधित्व करता है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में ठळटलढ के लिए क्रमशः 120.98 करोड़, 133.73 करोड़ और 90 करोड़ आवंटित किए हैं। देशभर में संचालित एक टोल-फ्री हेल्पलाइन (14416) के साथ, यह कार्यक्रम 20 भाषाओं में 2497 टेली-परामर्श सेवाएँ प्रदान करता है, जिससे सभी के लिए पहुँच सुनिश्चित होती है। नवंबर 2024 तक, 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 53 टेली-मानस सेल स्थापित किए गए हैं, जो 15.95 लाख से अधिक कॉल संभालते हैं। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2024 पर लॉन्च किया गया टेली-मानस मोबाइल एप्लिकेशन मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जिसमें स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## तृतीयक देखभाल और मानव संसाधन को मजबूत बनाना

तृतीयक मानसिक स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने के लिए सरकार ने 25 उत्कृष्टता केंद्रों को मंजूरी दी है और 19 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य विशेषताओं में 47 स्नातकोत्तर (पीजी) विभागों की स्थापना या वृद्धि का समर्थन किया है। प्रशिक्षित पेशेवरों की तीव्र आवश्यकता को पहचानते हुए, इसने एमडी (मनोचिकित्सा) पाठ्यक्रमों में प्रवेश को आसान बनाने के लिए स्नातकोत्तर आवश्यकताओं को संशोधित किया है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में अभ्यास करने के लिए मनोचिकित्सकों और विशेषज्ञों के लिए प्रोत्साहन पेश किए हैं और प्रमुख मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों में डिजिटल अकादमियों की स्थापना की है। इन अकादमियों ने 2018 से 42,488 से अधिक पेशेवरों को प्रशिक्षित किया है, मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की कमी को दूर किया है और यह सुनिश्चित किया है कि गुणवत्तापूर्ण देखभाल कम सेवा वाले क्षेत्रों में भी सुलभ हो।

## कुशल कार्यबल के लिए मानसिक स्वास्थ्य

ग्लोबल इंश्योरेंस ब्रोकर्स द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि 46% भारतीय फर्मों का मानना है कि उन्हें अपने कर्मचारियों के लिए बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सहायता की आवश्यकता है। यह मान्यता बढ़ते अस्पताल बिलों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आई है, जो राजस्व वृद्धि और वेतन वृद्धि से कहीं ज़्यादा है, जिससे व्यवसायों के लिए वित्तीय चुनौतियाँ बढ़ गई हैं। आगे के शोध से पता चलता है कि भारत में कार्यस्थल पर तनाव अक्सर लंबे समय तक काम करने, खराब कार्य-जीवन संतुलन और सामाजिक और पेशेवर अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अत्यधिक आत्म-लगाए गए दबाव से प्रेरित होता है। मोदी सरकार ने मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली नीतियों के माध्यम से कार्यस्थलों में मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

उदाहरण के लिए, 2017 का मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम कर्मचारियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा को अनिवार्य बनाता है, जिससे नियोक्ताओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति वाले व्यक्तियों के साथ भेदभाव करना अवैध हो जाता है। इसके अलावा, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसी पहलों की शुरूआत और सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों में मानसिक स्वास्थ्य को एकीकृत करना विभिन्न क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य सहायता में सुधार के लिए व्यापक प्रतिबद्धता का संकेत देता है।

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति मोदी सरकार का बहुआयामी दृष्टिकोण एक स्वस्थ और अधिक उत्पादक भारत के लिए मजबूत नींव रख रहा है। प्रमुख परिणामों में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और टेली-मानस के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य देखभाल तक बेहतर पहुंच, कलंक को कम करने और प्रारंभिक हस्तक्षेप को बढ़ाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में मानसिक स्वास्थ्य को एकीकृत करना और उपचार की कमी को पाटने के लिए कुशल मानसिक स्वास्थ्य कार्यबल का विकास शामिल है। हालांकि, मानसिक बीमारियों के लिए महत्वपूर्ण उपचार अंतर और सामाजिक कलंक जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं, जो कई लोगों को मदद लेने से रोकती हैं। इनसे निपटने के लिए, सरकार को पहल का विस्तार करना, जागरूकता अभियान बढ़ाना और अधिक समावेशी मानसिक स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देना जारी रखना चाहिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# महाकुंभ : प्रयागराज बनाएं सबके बिगड़े काज



योगेश कुमार सोनी

प्रयागराज में महाकुंभ मेले की शुरुआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के दिन होगी। मान्यता है कि महाकुंभ के दौरान संगम स्नान करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। श्रद्धालुओं के संकल्प पूरे होते हैं। महाकुंभ मेले का समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा। प्रयागराज में हर 12 साल के अंतराल पर महाकुंभ का आयोजन होता है। इससे पहले 2013 में यह शुभ अवसर आया था। महाकुंभ मेले का इंतजार पूरी दुनिया में रह रहे सनातनी हिंदुओं को रहता है। महाकुंभ का आगाज होते ही देश में हलचल मच जाती है। लाखों पग प्रयाग की तरफ बढ़ने लगते हैं। करोड़ों सनातनी अपनी आस्था को लेकर यहां डुबकी लगाने पहुंचते हैं। कुंभ को सनातन धर्म का प्रतीक माना जाता है। यहां लोग पापों के क्षय और पुण्य कमाने की लालसा लेकर जाते हैं। संपूर्ण मेला क्षेत्र में धर्माचार्यों के शिविरों में धर्म की त्रिवेणी कल-कल बहती है। बीते कुछ वर्षों में हिंदू अपने धर्म के प्रति बहुत जागरूक हुआ है। वैसे तो अब सभी हिन्दू तीर्थस्थलों बहुत भीड़ होती है। इस बार के महाकुंभ में करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुंचने का अनुमान लगाया गया है।पिछले महाकुंभ में लगभग 25 करोड़ और उससे पहले 15 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे। आजादी के बाद पहले महाकुंभ में करीब डेढ़ करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे। 12 वर्ष के अंतराल को धर्मपरायण श्रद्धालु एक युग की तरह मानते हैं। और गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम में स्नान करने के साथ सत्संग और दान भी करते है। मान्यता है कि इससे उनके पाप खत्म हो जाते हैं और दोबारा से तरोताजा होकर संसार की यात्रा में लग जाते हैं। कुंभ की उत्पत्ति समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी हुई है। कहते हैं कि देवताओं और असुरों ने मिलकर समुद्र मंथन किया। इससे अमृत निकला। इसके पान के लिए दोनों पक्षों में 12 दिन युद्ध हुआ। यह 12 दिन पृथ्वी पर 12 वर्ष के बराबर थे। इसलिए महाकुंभ का मेला 12 साल में लगता है। संतों का कहना है कि कुंभ के बारे में सुनकर वहां बहुत सारे लोग आते हैं लेकिन वह पूरा लाभ नहीं उठा पाते। कुंभ धार्मिक पर्व है। घूमने-फिरने की जगह नहीं। इसलिए अगर महाकुंभ का पुण्य कमाना है तो धार्मिक आस्था के प्रयागराज पहुंचे और सात्विकता के नियमों का पालन करें। कुंभ मेला क्षेत्र में जो कुछ भी हो, उससे संतुष्ट हों। एक संन्यासी के आध्यात्मिक जीवन की तरह जीयें। प्रयागराज के महाकुंभ की तैयारियों की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी पल-पल की जानकारी लेते हैं।

प्रयागराज सनातन संस्कृति के प्राचीनतम नगरों में से एक है। प्रयाग की महत्ता और प्राचीनता का विवरण ऋग्वेद से लेकर पुराणों और रामायण- महाभारत जैसे महाकाव्यों में मिलता है। सनातन के आराध्य प्रभु श्रीराम के जीवन और वनवास प्रसंग से भी प्रयाग का विशेष संबंध है। रामचरित मानस में वर्णन मिलता है कि वनवास के लिए अयोध्या से निकल कर प्रभु श्रीराम प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने रात काटकर निषादराज की मदद से गंगा पार की। यहां से भारद्वाज मुनि के आश्रम पहुंचे। 142 साल में महाकुंभ के आयोजन के स्वरूप में निरंतर बदलाव देखा जा रहा है। कहते हैं कि 1882 में महाकुंभ के आयोजन में मात्र बीस हजार रुपये की लागत आई थी। इस साल के महाकुंभ मेला क्षेत्र का बजट करीब 7500 करोड़ रुपये है। प्रयागराज व्यापार मंडल के अनुसार कुंभ के दिनों में यहां करोडों रुपये का व्यापार होगा। इसको लेकर हर छोटा-बड़ा व्यापारी उत्साहित है। श्रद्धालुओं के साथ किसी प्रकार की लूटपाट न हो, इसके लिए शासन ने कठोर दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# लुई ब्रेल : जिसने नेत्रहीनों के लिए शिक्षा के द्वार खोले



प्रमोद दीक्षित मलय

20 जून 1952, पेरिस से थोड़ी दूर बसे एक गांव कूप्रे में सुबह से ही लोग जुट रहे थे। सरकारी अधिकारियों एवं नेताओं की गाड़ियों का काफिला भी गांव की ओर बढ़ा चला जा रहा था। गांव के निवासी स्त्री, पुरुष और बच्चे भी आश्चर्यचकित हो भीड़ का हिस्सा बन जाते हैं। भीड़ एक कब्रिस्तान जाकर एक सभा में बदल जाती है। एक खास कब्र को सजाया गया है। एक अधिकारी ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज फ्रांस की सरकार ने ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल के सम्मान का दिन घोषित किया गया है। सभा में खुशी की लहर छा गयी और कर तल ध्वनि से गगन गुंजित हो गया। तब पूरे राजकीय सम्मान एवं प्रतिष्ठा के साथ धार्मिक संस्कारोंपरांत कब्र से शव को निकाला गया। उपस्थित जन समुदाय ने अपनी गलती स्वीकार की और धार्मिक रस्में पूर्ण कर लुई के सम्मान में राष्ट्रीय धुन बजा उन्हें दफनाया गया। उपस्थित लोगों ने उनके महनीय मानवीय योगदान को स्वीकृति देते हुए अपने भूल के लिए प्रायश्चित किया। यह लुई ब्रेल की मृत्यु के सौ साल के बाद का एक सम्माननीय दृश्य था। नेत्रहीनों के लिए प्रकृति के अप्रतिम सौंदर्य का दर्शन अछूता और रसानुभूति से परे था, क्योंकि वे न तो देखकर आनन्द उठा सकते थे और न ही पढ़कर। दृष्टिहीनों के लिए यह दुनिया अंधकारमय, नीरस और बेरंग थी। नेत्रहीन भी काव्य, कहानी, नाटक को पढ़कर आनन्द सागर में डूब सकें, ऐसा सहज सम्भव हुआ है एक विशेष लिपि में अंकित पाठ्य सामग्री के द्वारा, जिसे विश्व ब्रेल लिपि के नाम से जानता है। ब्रेल लिपि के जनक हैं फ्रांस के शिक्षाविद् लुई ब्रेल। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2019 से 4 जनवरी को विश्व ब्रेल दिवस के रुप में मनाया जा रहा है। लुई ब्रेल का जन्म फ्रांस के एक गांव में 4 जनवरी, 1809 को पिता साइमन रेले ब्रेल एवं माता मोनिक ब्रेल के परिवार में हुआ था। पिता के आर्थिक संसाधन सीमित थे एवं आजीविका का एकमात्र साधन उनका मोचीगिरी का ही काम था। वह चमड़े का काम करने के साथ ही फ्रांस के शाही परिवार एवं अमीरों के घोड़ों की काठी एवं जीन बनाने का काम किया करते थे। लेकिन कठोर श्रम एवं समय साध्य काम होने के बावजूद भी उनकी कमाई इतनी न थी कि छह सदस्यों के परिवार का भरण-पोषण एवं उचित देखरेख संभव हो पाती। और जैसा कि परंपरागत रोजगार करने वाले परिवारों में होता है कि अपने पारंपरिक कार्य से बच्चों को जोड़े रखने एवं सिखाने की दृष्टि से छोटी उम्र से ही अपने साथ काम पर ले जाते हैं। साइमन रेले ने भी ऐसा ही किया और अपनी मोची की दूकान पर तीन वर्ष के बालक लुई ब्रेल को साथ ले जाने लगे। स्वभावतः बालक जिज्ञासु एवं चंचल होते हैं। दुकान पर चमड़े के काम में प्रयुक्त होने वाले लोहे के औजारों यथा चाकू, सूजा, हथौड़ी, कटर, आरी आदि से बालक संपर्क में आया। वह पिता की मदद करते हुए उनसे खेलने लगता। एक दिन पिता की अनुपस्थिति में खेलते समय सूजा



उछल कर बालक की आंख में जा लगा और खून की धार फूट पड़ी। बालक को घर पहुंचाया गया और आंख साफ कर जड़ी-बूटी युक्त घरेलू औषधि का लेपन कर पट्टी बांध दी गई और यह सोचा गया कि अपने आप जल्दी ही ठीक हो जाएगी। लेकिन उचित चिकित्सा के अभाव या अभिभावकों की लापरवाही के चलते घायल संक्रमित आंख का दुष्प्रभाव दूसरे आंख पर भी पड़ने लगा। आठ वर्ष का होते-होते बालक ने अपनी दृष्टि पूरी तरह खो दी। अब बालक के लिए सूरज के प्रकाश में कोई रंग न थे। उसके लिए दुनिया अब केवल अंधेरे का एक गोला थी। परिवार एवं समाज में वह दया एवं सहानुभूति का पात्र बन गया लेकिन उसे यह निरीह जीवन स्वीकार न था। उसका अन्तर्मन उसे पढ़ने के लिए कचोटता रहता। पर तत्कालीन समय में नेत्रहीनों की शिक्षा-दीक्षा के लिए कोई विशेष संसाधन एवं व्यवस्थाएं न थी। पेरिस में एक अंध विद्यालय अवश्य था पर वहां सामान्य परिवारों के बालकों का प्रवेश हो पाना बहुत कठिन था। बालक लुई में कुछ नया करने की लगन थी, साथ ही शिक्षा प्राप्ति का जज्बा एवं संकल्प भी। उसके निरन्तर आग्रह को स्वीकार कर पिता उसे एक परिचित पादरी के पास ले गए, जिनकी सिफारिश और मदद से लुई ब्रेल का नामांकन पेरिस के अंध विद्यालय 'रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड' में 1821 में हो गया। तब तक नेत्रहीनों को पढ़ाने के लिए कोई विशेष लिपि व्यवहार में नहीं थी। आधे-अधूरे प्रयासों से उपलब्ध सामग्री से उक्त विद्यालय में बच्चों को इतिहास, भूगोल एवं गणित की सामान्य जानकारी दी जाती थी। एक दिन शाही सेना का एक पदाधिकारी चार्ल्स बार्बियर, जो सैनिकों के लिए रात में भी टटोलकर पढ़ सकने वाली पठन सामग्री तैयार करने में जुटा हुआ था, उक्त विद्यालय में प्रशिक्षण हेतु आया। उन्होंने एक दिन संवाद करते हुए बताया कि अपने सैनिकों को अंधेरे में भी पढ़े जा सकने वाले गुप्त संदेशों को एक खास लिपि में अंकित कर भेजता है। उस लिपि में 12 बिंदुओं को 6-6 की दो पंक्तियों पर रखा जाता है जिसे सैनिक टटोलकर पढ़ लेते हैं। लेकिन एक बहुत बड़ी कमी थी कि उसमें विराम या गणितीय चिह्नों का अंकन सम्भव न था और चार्ल्स उसे बेहतर करने के लिए कुछ शोध कर रहा था। बालक लुइ सेनानायक चार्ल्स के काम से प्रभावित हुआ और उनकी कूट लिपि को पढ़ने-समझने के लिए पादरी की मदद से चार्ल्स से भेंट की। बातचीत के बाद बालक लुई ने लिपि में कुछ संशोधन करने के सुझाव दिये। चार्ल्स बालक के सुझावों को सुन हतप्रभ था और तुरन्त ही स्वीकार कर लिया जिससे सैनिकों तक संदेश पहुंचाना अब और सरल हो गया।

चार्ल्स बार्बियर की कूट लिपि को पढ़-समझ कर बालक लुई ब्रेल नेत्रहीनों के लिए उपयोगी एक खास लिपि को विकसित करने की साधना में जुट गया। आखिर 1829 में, आठ सालों की अनथक साधना का परिणाम एक विशेष विकसित लिपि के रूप में हुआ जिसे दुनिया ब्रेल लिपि से जानती है, जिसमें 6 उभरे बिंदुओं के आधार पर 64 अक्षर, विराम एवं गणित चिह्नों सहित संगीत के नोटेशन बनाना भी सम्भव हो गया। ब्रेल लिपि विकसित हो जाने से नेत्रहीनों के लिए पढ़ना एवं मनोभावों को अभिव्यक्त करना सहज संभव हो गया था। लेकिन ब्रेल लिपि को समाज एवं सरकार द्वारा मान्यता नहीं मिली। उसे सेना द्वारा प्रयोग किए जाने वाला कूट रचित अंकन ही समझा गया। लुई ब्रेल जीवन भर ब्रेल लिपि की मान्यता हेतु संघर्ष करते रहे। साथ ही लिपि के प्रचार-प्रसार में भी सतत समर्पित रहे।

विश्व को ब्रेल लिपि के रूप में अमूल्य उपहार देने वाला यह महान व्यक्तित्व 43 वर्ष की अल्पायु में ही 6 जनवरी, 1852 को लौकिक जीवन पूर्ण कर यमलोक की अनंत की यात्रा पर प्रस्थान कर गया। लुई ब्रेल की मृत्यु के 16 वर्ष बाद 1868 में फ्रांस की सरकार ने ब्रेल लिपि को मान्यता प्रदान की। धीरे-धीरे ब्रेल लिपि सम्पूर्ण विश्व प्रचलित हो गयी। भारत में भी ब्रेल लिपि के माध्यम से नेत्रहीनों के लिए पढ़ने एवं प्रशिक्षण के लिए तमाम विद्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र खोले गए। 4 जनवरी, 2009 को लुई ब्रेल के 200वें जन्मदिन के अवसर पर भारत सरकार ने उनके सम्मान में एक डाक टिकट जारी कर उनको अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वास्तव में जीवन रहते हुए वह जिस सम्मान और प्रतिष्ठा के हकदार थे वह उनको नहीं मिला लेकिन उनकी मृत्यु के बाद उनके योगदान को सिर माथे लिया गया। संपूर्ण जग उनका ऋणी है और ऋणी रहेगा।

**(लेखक शैक्षिक संवाद मंच के संस्थापक हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### भांकरोटा सड़क दुर्घटना प्रकरण में जिला प्रशासन का संवेदनशील प्रयास

- मृतक आश्रितों एवं घायल व्यक्तियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई सहायता राशि

**चमकता राजस्थान। जयपुर ( खलील कुरैशी) 04 जनवरी** दिल्ली-अजमेर हाईवे पर भांकरोटा के समीप 20 दिसंबर को घटित दुर्घटना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा संपूर्ण संवेदनशीलता बरतते हुए दुर्घटना के 20 मृतकों के आश्रितों एवं 24 घायल व्यक्तियों के बैंक खातों में सहायता राशि हस्तांतरित कर दी गई है।जिला प्रशासन द्वारा 20 मृतक आश्रितों के बैंक खाते में मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक करोड़ रुपये (प्रति मृतक आश्रित 5-5 लाख) राशि हस्तांतरित कर दी गई है एवं भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा देय 1 करोड़ 20 लाख रुपये (प्रति मृतक आश्रित 6-6 लाख) की मुआवजा राशि हस्तांतरित कर दी गई है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के बीमित 11 मृतकों के आश्रितों के बैंक के खाते में योजना के तहत 55 लाख रुपये (प्रति मृतक आश्रित 5-5 लाख) की अतिरिक्त राशि हस्तांतरित की गई है।वहीं, दुर्घटना में घायल 24 व्यक्तियों के बैंक खाते में मुख्यमंत्री सहायता कोष से 24 लाख रुपये (प्रति घायल 1-1 लाख) एवं भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा देय 48 लाख रुपये (प्रति घायल 2-2 लाख) की मुआवजा राशि हस्तांतरित कर दी गई है।इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय राहत कोष से प्रति मृतक राशि 2 लाख एवं प्रति घायल राशि 50 हजार की आर्थिक सहायता हेतु जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तर पर अपेक्षित आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है।

### खेलों से रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है: विधायक आक्या



**चमकता राजस्थान। चित्तौड़गढ़ (बाबू अग्नानी)।** चित्तौड़गढ़ खेलों से रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है तथा खेल भाषायी विकास में सहायक होते है। खेलो में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से खिलाड़ियो में अनुशासन बढ़ता है। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या शनिवार को शहर के श्यामाप्रसाद मुखर्जी बेडमिन्टन हॉल में मेवाड़ स्पोर्टस अकादमी व हिन्दुस्तान स्पोर्टस के तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय ओपन बेडमिन्टन प्रतियोगिता के उदघाटन अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियो व खेलप्रेमियो को सम्बोधित कर रहे थे।आयोजक योगेन्द्रसिंह राणावत व राहुल अग्रवाल ने बताया की ओपन बेडमिन्टन प्रतियोगिता में चित्तौडगढ़, उदयपुर, डुंगरपुर व भीलवाड़ा जिले की पुरूष व महिला वर्ग की टीमें भाग ले रही है जो चार दिवस तक अपने खेल कौशल का परिचय देंगी। उदघाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा अतिथियो का माल्यार्पण व उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया। उदघाटन मेच अण्डर 13 व अण्डर 15 महिला व पुरूष वर्ग के मेच में विधायक आक्या ने खिलाड़ियो से परिचय लेकर खेलो का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व सभापति सुशील शर्मा, पूर्व महामंत्री अनिल ईनाणी, जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष शेलेन्द्र झंवर, एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा, राजन माली थे। संचालन पारस टेलर ने किया इस अवसर पर कोच हरीश सालवी भीलवाड़ा, गिरीश शर्मा, चावण्डसिंह उदयपुर, नारायणलाल, यशवंतसिंह, अर्पित अग्रवाल, मानवेन्द्रसिंह, शुभम कोठारी, सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

### जयपुर स्मार्ट किड्स देंगे स्वच्छता संदेश

- हेरिटेज किड्स फैशन शो के सीजन दो में नन्हे कलाकार करेंगे रैंप वॉक

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश देने के लिए जयपुर के स्मार्ट किड्स रविवार को रैंप वॉक करते हुए नजर आएंगे। अनन्या सोच सेवा संस्थान की ओर से अजमेर रोड स्थित एक होटल में हेरिटेज किड्स फैशन शो का सीजन दो आयोजित किया जाएगा। इस दौरान शो में जयपुर के नन्हें बाल कलाकार रैंप पर स्वच्छता का संदेश भी देंगे। आयोजन अर्चना बैराठी ने बताया कि रविवार को जयपुर स्मार्ट किड्स जयपुर स्मार्ट सिटी के सहयोग से स्वच्छता का संदेश देंगे। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण चाइल्ड एक्टर अर्विक बैराठी होंगे। आमजन को स्वच्छता का संदेश देने के लिए बच्चे हेरिटेज थीम पर ड्रेस पहन कर आयेंगे और तख्ती और बेनर के जरिए दर्शकों को साफ सफाई के लिए प्रेरित भी करेंगे। इस दौरान बच्चों द्वारा बनाए गए स्लोगन का प्रदर्शन भी किया जाएगा। जिसमें गीला कचरा और सूखा कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखने, सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी नहीं फैलाने जैसे स्लोगन से जागरूक भी किया जाएगा। वहीं, आमजन को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई जाएगी।

### चिकित्सा शिक्षा विभाग में स्थानांतरण के लिए करना होगा ऑनलाइन आवेदन

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 4 जनवरी।** राज्य सरकार द्वारा स्थानांतरण से हटाए गए प्रतिबंध के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग में चिकित्सक शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया ऑनलाइन संपादित की जाएगी। इस संबंध में विभाग की ओर से परिपत्र जारी किया गया है।परिपत्र के अनुसार स्थानांतरण प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी रखते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग ग्रुप 1 में स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। स्थानांतरण के इच्छुक चिकित्सक शिक्षक एसएसओ आईडी के माध्यम से लॉग इन कर राजकाज ऐप पर स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 7 जनवरी, 2025 है।परिपत्र में स्पष्ट किया गया है कि पूर्व में जिस किसी भी चिकित्सक शिक्षक ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर, ईमेल या अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन किया है, उन्हें भी राजकाज ऐप के माध्यम से आवेदन करना अनिवार्य होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आवेदन करने मात्र से किसी को भी स्थानांतरण का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। स्थानांतरण विभागीय आवश्यकता एवं नीतिगत आधार पर किए जाएंगे। पारस्परिक स्थानांतरण के लिए दोनों आवेदनकर्ता को हस्ताक्षरित आवेदन की प्रति ऑनलाइन अपलोड करनी होगी।

# बारां जिले में डीएसटी व थाना अन्ता पुलिस की कार्रवाई

## सनसनीखेज दोहरे हत्याकाण्ड में आरोपी गिरफ्तार, प्रेमप्रसंग के कारण पत्नी व उसके प्रेमी को उतारा था मौत के घाट

### लगातार दो दिन सर्च ऑपरेशन चला सरसों के खेत में छुपे आरोपी को किया गिरफ्तार




चमकता राजस्थान

**जयपुर/बारां (खलील कुरैशी) 04 जनवरी।** बारां जिले के अन्ता थाना क्षेत्र के धाकडखेड़ी गांव में 2 दिसंबर की रात हुएसनसनीख़ेज़ दोहरे हत्याकांड का खुलासा कर पुलिस ने आरोपी गणेश मेवाडा पुत्र चतुर्भुज कलाल (32) निवासी धाकडखेडी को लगातार दो दिन सर्च ऑपरेशन चला नजदीकी गांव में सरसों के खेत से डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया। अवैध संबंधों के चलते आरोपी ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी को मौत के घाट उतार दिया था।एसपी राज कुमार चौधरी ने बताया कि 02 जनवरी की रात धाकडखेडी गांव में लड़ाई झगड़े की सूचना पर एसएचओ अन्ता दिग्विजय सिंह मय जाप्ता के धाकडखेडी गांव में गणेश मेवाडा के घर पहुंचे। जहां उसकी पत्नी रिंकी मेवाडा की लाश तथा पास में एक अज्ञात युवक गम्भीर रूप से घायल अवस्था मे पड़ा हुआ था। दोनो को तुरंत एंबुलेंस से अन्ता अस्पताल लेकर गये, जहां डॉक्टर ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। मृत युवक की पहचान कोटा निवासी गोरव हाडा (20) के रूप में की गई। सुबह मृतक के भाई प्रियाषु हाडा द्वारा हत्या की रिपोर्ट देने पर मुकदमा दर्ज कर गहनता से अनुसंधान शुरू किया गया। सूचना मिलते ही एसपी राजकुमार चौधरी, एएसपी राजेश चौधरी, सीओ शोजीलाल मीणा घटना स्थल पहुंचे पहुचे। एफएसएल टीम को कोटा से बुला साक्ष्य संकलित किए गए। मौके पर ही दोहरे हत्या कांड के खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थानाधिकारी दिग्विजय सिह एवं डीएसटी प्रभारी सत्येन्द्र सिह की टीमे गठित की गई।मामले को गंभीरता से लेकर टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, घटना की हर ऐंगल से जांच की गयी। घटना के बाद से ही मृतका रिंकी मेवाडा का पति गणेश मेवाडा फरार था, जिसका मोबाइल बंद आ रहा था। अतः शक की सूई गणेश के ऊपर घूमी। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी सहायता से सर्च ऑपरेशन चला कर धाकडखेडी गांव के पास बरडा में सरसों के खेतो से आरोपी गणेश को गिरफ्तार किया गया।

### हत्या करने का कारण व घटनाक्रम

आरोपी गणेश मेवाडा ने पूछताछ में बताया की उसका विवाह 12 साल पहले श्योपुर निवासी रिंकी मेवाडा से हुआ था, उसके दो बच्चे भी है। एक साल से रिंकी का कोटा निवासी गोरव हाडा से प्रेम प्रसंग चल रहा था। गोरव हाडा की रिश्तेदारी धाकडखेडी गांव में थी जहां पर वह आता जाता रहता था। रिंकी व गोरव दोनों उनके गांव व कोटा मिलते रहते थे। रिंकी उससे झूठ बोलकर कोटा जाती थी। कुछ दिनो से गोरव हाडा उसे धमकी दे रहा था की तेरी पत्नी मुझसे प्यार करती है इसलिए उसे मैं ही रखूंगा। यह बात गणेश को काफी दिनो से अखर रही थी। 1 जनवरी को गोरव हाडा ने उसे कॉल कर कहा कि आज मैं रिंकी को लेने आ रहा हूँ।!उस दिन गोरव हाडा व उसके तीन साथी सूरज, रिषि व कुनाल मोटरसाईकिलो से रात को करीब 12 बजे उनके गांव आये।गोरव के तीनों साथी गांव के बाहर ही रूक गये, गोरव उनसे कहकर आया था कि मैं कॉल करूं तभी तुम सब वहां आना। आरोपी गणेश ने उस दिन गोरव को मारने का प्लान पहले से ही बना रखा था। उसने गोरव को कॉल कर करके बैठकर मामला सुलझाने अपने घर बुलाया था। जैसे ही गोरव घर के अन्दर गया, गणेश ने पहले से ही तैयार धारदार हथियार कूटीया से गोरव के सिर में मारी जिससे वह अचेत होकर नीचे गिर गया। रिंकी ने गोरव को बचाने का प्रयास किया तो गुस्से में पागल गणेश ने अपनी पत्नी के भी गर्दन व शरीर पर वार कर मौके पर ही मार दिया और फरार हो गया।कुछ देर तक गोरव नही आया तो उसके तीनो साथी वहां से कोटा भाग गये। यह बात उन्होने अपने घरवालो को भी नही बतायी। आरोपी को आज शनिवार को गिरफ्तार कर गहनता से अनुसंधान व पूछताछ की जा रही है।

## बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आगाज

### द्वितीय दिवस पर स्वयं सेविकाओं ने व्यायाम योगाभ्यास और एनएसएस गान कार्यक्रम का किया आयोजन



चमकता राजस्थान

शाहपुरा (खलील कुरैशी) शाहपुरा शहर स्थित बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. नरेश कुमार मीना की अध्यक्षता में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर प्रातः स्वयं सेविकाओं ने व्यायाम योगाभ्यास और एनएसएस गान के साथ दिन की शुरुआत की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश बेनीवाल और ज्योत्स्ना ने बताया कि बौद्धिक सत्र में सह आचार्य डॉ. पुनर्दत्त मीना ने डिजिटल इंडिया एवं साइबर सिक्योरिटी पर व्याख्यान दिया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को डिजिटल इंडिया से तात्पर्य तथा इससे जुड़े सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने साइबर क्राइम्स के विभिन्न रूपों के बारे में जागरूकता प्रदान की। कार्यक्रम अधिकारी ज्योत्स्ना ने वर्तमान में हो रहे साइबर ठगी से बचने के उपाय बताएं। डॉ. राजेश बेनीवाल ने स्वयं सेविकाओं को अपने आसपास, गांव या गोद ली हुई बस्तियों में खुले बोरवेल और और कुओं को ढकने के लिए लोगों को समझने के लिए प्रेरित किया और इसकी सूचना प्रशासन को देने की बात की। द्वितीय श्रमदान सत्र में वॉलंटियर्स ने सेड का बास तथा महाविद्यालय खेलमैदान में श्रमदान किया और वहां से कंटीली झाड़ियां, घास, पत्थर आदि हटाएं। तृतीय खेलकूद सत्र में खेलकूद की गतिविधियों में भाग लिया तथा भोजन व्यवस्था, साफ सफाई का कार्य किया। कार्यक्रम में प्रो. अंजू अग्रवाल, डॉ. नंदिनी शर्मा, हेमराज पलसानिया, डॉ. भानाराम जाट, डॉ. पूजा आर्या, प्राची गुप्ता, उर्मिला कुमारी, रविंद्र सिंह और स्वयं सेविकाएं उपस्थित रही।

### राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने छात्र- छात्राओं से किया मुखर संवाद

- स्वस्थ जीवन के लिए योग और व्यायाम अपनाने का किया आह्वान
- सार्वजनिक सरोकारों के लिए ग्रामीण जनों ने किया जोरदार अभिनंदन




**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को छत्रपति संभाजी नगर में विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार और विद्यालयी छात्र छात्राओं को महापुरुषों के जीवन से सिख लेने का आह्वान किया। बागडे ने शनिवार को स्थानीय गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में भागीदारी की।उन्होंने वहां पर आधारभूत सुविधाओं के विकास और स्थानीय जनों को शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल और अन्य सुविधाओं से लाभांवित किए जाने का आह्वान किया। निधोना गांव में राज्यपाल ने प्राथमिक विद्यालय का अवलोकन कर शिक्षा संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। वहां उन्होंने छात्र-छात्राओं के साथ आत्मीय संवाद भी किया। इसी तरह बिधूना गांव में चिकित्सा सुविधाओं के लिए उन्होंने एंबुलेंस का लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत को एंबुलेंस की चाबियां सौंपते हुए उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए योग और व्यायाम अपनाने पर भी जोर दिया।

राज्यपाल बागडे का विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने भावभरा अभिनन्दन करते हुए उनके सार्वजनिक सरोकारों और आम जन के लिए समर्पित जीवन की सराहना की।

## रास्ता खोलो अभियान के तहत जिला प्रशासन ने 50 दिन में खुलवाए 400 रास्ते

# जिला कलक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी के सकारात्मक प्रयास और उचित प्रबंधन ला रहे हैं जमीनी स्तर सुखद परिणाम

चमकता राजस्थान







### विगत एक सप्ताह में जिला प्रशासन ने तहसीलों में बरसों से बंद 47 रास्ते खुलवाए,आमजन ने जताया जिला प्रशासन का आभार

जयपुर!(खलील कुरैशी)04 जनवरी,जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों में जयपुर जिले में जारी रास्ता खालो अभियान आमजन राहत के लिए दूसरा नाम बन गया है। अभियान के तहत जिला प्रशासन ने समझाइश एवं सहमति से महज 50 दिनों में गांवों, खेतों और ढाणियों के बरसों से बंद पड़े 400 रास्ते खुलवाने में कामयाबी हासिल की है।अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अभियान की नोडल अधिकारी सुमन पंवार ने बताया कि अभियान के तहत विगत एक सप्ताह में जयपुर जिले के समस्त तहसीलों में बरसों से बंद 47 रास्ते खुलवाए गए। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी रास्ता खोलो अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक आमजन को लाभांवित करने के लिए स्वयं अभियान की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं उन्होंने बताया कि रास्ता खोलो अभियान के तहत 15 नवंबर 2024 से 3 जनवरी 2025 तक जयपुर तहसील में 4 रास्ते, कालवाड़ तहसील में 8 रास्ते, आमेर तहसील में 24 रास्ते, जमवारामगढ़ तहसील में 14 रास्ते, आंधी तहसील में 24 रास्ते, बस्सी तहसील में 15 रास्ते, तूंगा तहसील में 10 रास्ते खुलवाए गए।वहीं, शाहपुरा तहसील में 22 रास्ते, जोबनेर तहसील में 25 रास्ते, किशनगढ़-रेनवाल तहसील में 21 रास्ते, फुलेरा तहसील में 21 रास्ते, रामपुरा-डाबड़ी तहसील में 15 रास्ते, जालसू तहसील में 14 रास्ते, चौमूं तहसील में 27 रास्ते, सांगानेर तहसील में 14 रास्ते खुलवाए गए। सुमन पंवार ने बताया कि चाकसू तहसील में 19 रास्ते, कोटखावदा तहसील में 14 रास्ते, माधोराजपुरा तहसील में 22 रास्ते, दूदू तहसील में 21 रास्ते, मौजमाबाद तहसील में 24 रास्ते एवं फागी तहसील में 42 रास्ते खुलवाए गए। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल, सी.सी. रोड़ बनवाये जाने की कार्यवाही भी जल्द से जल्द अमल में लाने के निर्देश दिये हैं, इन निर्देशों की अनुपालना में अधिकांश स्थानों पर ग्रेवल रोड बनाने की कार्यवाही भी आरंभ की जा चुकी है। वहीं, जिन रास्तों के वाद न्यायालय में विचाराधीन है परिवादियों द्वारा संबंधित न्यायालय से ही अनुतोष प्राप्त किया जाएगा।ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाने का निर्णय लिया गया।

# केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अजमेर शरीफ दरगाह शरीफ चढ़ाई आस्था की चादर

## बोलें: पीएम चाहते हैं देश में अच्छा माहौल परस्पर आपसी सामंजस्य

### सुल्तान ए हिंद के नाम से जाने जाते हैं सामाजिक समरसता के प्रतिक ख्वाजा गरीब नवाज :- ज़माल सिद्दीकी

चमकता राजस्थान

जयपुर/ अज़मेर! (खलील कुरैशी)। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से चादर लेकर अजमेर शरीफ दरगाह पहुंचे हैं। पूरी दुनिया में भाईचारे इंसानियत और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए विख्यात राजस्थान के अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813 वें सालाना उर्स के मौके पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चादर पेश की गई।यहां सर्किट हाउस में अजमेर के भाजपा नेताओं की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। अजमेर की दरगाह में भी दरगाह कमेटी और खादिमों की संस्थाएं अंजुमन की ओर से भी प्रधानमंत्री की भेजी चादर का स्वागत किए जाने का एक दिन पूर्व ही पदाधिकारियों ने एलान किया था। दरगाह में जायरीन की आवक बढ़ने उर्स की रौनक बढ़ने लगी है और दरगाह में उर्स की रसूमात धूमधाम से मनाई जा रही है। जनवरी महीने की 7 तारीख को उर्स की आध्यात्मिक रसूमात के तहत छठी होगी। उस दिन छोटे कुल की रस्म अदा होगी। वहीं 10 जनवरी को बड़े कुल पर दरगाह शरीफ को इत्र, केवड़े व गुलाब जल के छींटे से धोया जाएगा और इसके साथ ही उर्स की धार्मिक औपचारिक समापन हो जाएगा।








## अज़मेर सर्किट हाउस में भाजपा नेताओं की ओर से केंद्रीय मंत्री का किया गया भव्य स्वागत

### देश में सद्भाव कायम रहे...

इस बीच उर्स में देश दुनिया के बड़े नामचीन लोगों की ओर से चादर चढ़ाने का सिलसिला जारी है। उर्स के चलते दरगाह सहित पूरे शहर में देश के विभिन्न राज्यों से आए जायरीन की चहल पहल बढ़ गई है और दरगाह में उर्स के तहत मन्नतें मांगने, चादर चढ़ाने और अकीदत के फूल पेश करने का सिलसिला जारी है। उर्स में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से शनिवार को सुबह चादर पेश की गई। केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलात कार्य मंत्री किरन रिजिजू प्रधानमंत्री की तरफ से ख्वाजा साहब की पवित्र मजार पर चादर पेश की इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ज़माल सिद्दीकी, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती,और उनकी पुरी टीम, शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी सहित अनेक भाजपा नेता उनके साथ थे। दरगाह के बाहर किरेन रिजिजू का काफिला पहुंचते ही भाजपाइयों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। रिजिजू ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से चादर चढ़ाना पूरे देश की ओर से चादर चढ़ाने जैसा है। उन्होंने कहा कि देश में सद्भाव और भाईचारे का माहौल बना रहे। गरीब नवाज की दरगाह पर लाखों जायरीन आते हैं, जिनके लिए नई सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### हमारी संस्कृति की अनेकता में एकता को दर्शाता है

रिजिजू ने कहा कि दरगाह पर उर्स के दौरान आना हमारी परंपरा है। यह सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वे हजरत निजामुद्दीन की दरगाह पर भी चादर चढ़ा कर दुआ मांग कर आए है। गरीब नवाज की दरगाह पर सभी समुदायों के लोग आते हैं और दुआ मांगते हैं। यह हमारी संस्कृति की अनेकता में एकता को दर्शाता है।

### वेबपोर्टल का उद्घाटन

मंत्री रिजिजू ने इस मौके पर अजमेर दरगाह पर गरीब नवाज ऐप और एक वेब पोर्टल का शुभारंभ भी किया। इस पोर्टल पर ख्वाजा साहब के जीवन परिचय के साथ दरगाह की सुविधाओं, गेस्टहाउस बुकिंग और सीधा प्रसारण की जानकारी दी गई है। अब जायरीन को दरगाह संबंधित जानकारी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

» उर्स के दौरान ख्वाजा साहब की छठी का महत्व

### पहली तारीख से शुरू हुआ उर्स

ख्वाजा गरीब नवाज का उर्स छह दिन तक चलता है। 813 वर्ष पूर्व रजब की पहली तारीख को ख्वाजा साहब इबादत के लिए अपनी कोठरी में चले गए और अपने मुरीदों को निर्देश दिए कि उन्हें इबादत के बीच आवाज़ नहीं दी जाए, जब छह दिन तक जब वे बाहर नहीं आए तो उनके मुरीदों ने कोठरी खोल कर देखा तो ख्वाजा साहब का इंतकाल हो चुका था। इस कारण ख्वाजा साहब का उर्स छह दिन तक मनाने की परंपरा हैं।

### जायरीन की होती है गहरी आस्था

ख्वाजा गरीब नवाज के प्रति आस्था महज मुसलमानों की नहीं है बल्कि सभी धर्म के लोग दरगाह शरीफ की चौखट चूम कर श्रद्धा और विश्वास के साथ शीश झुकाते हैं और मन की मुरादे भी पाते हैं। यूं तो ख्वाजा साहब की दरगाह में जायरीन के आने का सिलसिला साल भर बना रहता है लेकिन उर्स का मौका कुछ खास होता है। यही कारण है कि प्रत्येक जायरीन की इच्छा उर्स के दौरान दरगाह के आस्थाने शरीफ पर माथा टेकने और मजार शरीफ पर अकीदत के फूल पेश करने की रहती है पीएम की चादर पेश करने के दौरान विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई।दरगाह में हजारों सिपाही व पुलिस अधिकारी के अलावा स्पेशल प्रोटेक्शन फोर्स व गुप्तचर पुलिस सादावर्दी में तैनात रही। सीसीटीवी व ड्रान से चप्पे चप्पे पर नजर रखी गई।मेरे आने से अजमेर शरीफ में मंदिर का दावा करने वालों को मिला जवाब', रिजिजू बोले- यहां विवाद की गुंजाइश नहीं

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास से मनाया पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी का जन्मदिन

- आयोजित किये विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम



**चमकता राजस्थान । जयपुर (खलील कुरैशी)** भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आदर्श विधानसभा के लोकप्रिय-लाड़ले जनसेवक रहे अशोक परनामी का जन्मदिन, गौरतलब है कि आदर्श नगर के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता आशीष मेहता के नेतृत्व में जन्मदिवस अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित गया आपको बता दें कि आदर्श स्थित मंदिरों में पूजा अर्चना करवा कर जन्मदिवस कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस पावन अवसर पर पूर्व विधायक आदर्शनगर विधानसभा अशोक परनामी दिल्ली प्रवास के दौरान दिल्ली में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता आशीष मेहता और पूर्व युवा बोर्ड अध्यक्ष भूपेंद्र सैनी एवं संजय सिंह ने साथियों ने साथ दिल्ली पहुंच कर जन्मदिवस के अवसर भाजपा के कद्दावर नेता अशोक परनामी का मीठा मुहँ कराकर और माला पहनाकर, साफा बंधवाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य , उज्जवल राजनीतिक जीवन एवं दीर्घायु की मंगल कामनाओं के साथ जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि निश्चित रूप से अशोक परनामी के नेतृत्व में आदर्श नगर सहित प्रदेश स्तर पर भाजपा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। इस मौके पर अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का भी आयोजन किया।

### दो राजस्व गांव बनने पर विधायक का जताया आभार



**चमकता राजस्थान। अनिल पुष्करणा।** फलोदी 4 जनवरी जिले के पंचायत समिति फलोदी के दो राजस्व गांव बनने पर फलोदी विधायक का आभार जताया गया । ज्ञात रहे बैगटी खुर्द में सेटल मैन से आज तक कोई राजस्व ग्राम नहीं कट पाया है वही पहली बार बैगटी मोड़ सिंह नगर व बैगटी बलवंत गढ़ एक साथ दो नया राजस्व ग्राम बनने पर खारा ग्राम पंचायत से रायड़ा में शहीद करन सिंह नगर बनने पर फलोदी विधायक पब्बाराम विश्नोई का लोहावट निवास पर जाकर आभार व्यक्त किया । समाज सेवी खिवं सिंह सांखला बैगटी ज्ञयान सिंह रायड़ा व कान सिंह व गौ भक्त भंवर सिंह व देवी सिंह व कुंभ सिंह हड़मान सिंह भगवाना राम व केवल राम मेगवाल बैगटी खुर्द ने विधायक का धन्यवाद प्रकट किया है

## एसआई पेपरलीक चर्चित मामला: 11 ट्रेनी सब-इंस्पेक्टर सस्पेंड

- जयपुर, उदयपुर और कोटा रेंज आईजी का नियमानुसार एक्शन

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)। सब इंस्पेक्टर-2021 पेपरलीक मामले में 11 ट्रेनी एसआई को शनिवार (4 जनवरी) को सस्पेंड कर दिया गया। सस्पेंड किए गए एसआई को 31 दिसंबर 2024 को ही जिलों में भेजा गया था। ये सभी पेपरलीक मामले में आरोपी हैं और हिरासत में भी रह चुके हैं। दरअसल, 4 दिन पहले पुलिस भर्ती और पदोन्नति बोर्ड एडीजी विपिन कुमार ने प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के लिए पोस्टिंग ऑर्डर जारी किए थे। ये ऑर्डर 25 ट्रेनी एसआई के लिए थे। शनिवार को जयपुर, उदयपुर और कोटा रेंज आईजी ने 11 एसआई को निलंबित कर दिया। 48 घंटे रहे थे पुलिस हिरासत में राजस्थान सिविल सर्विस (क्लासिफिकेशन, कंट्रोल एंड अपील) रूल्स 1958 के अनुसार किसी सरकारी कर्मचारी के 48 घंटे पुलिस हिरासत में रहने पर उसे निलंबित किया जाता है। इस नियम के आधार पर ये एक्शन लिया गया है। जयपुर रेंज आईजीअजयपाल लांबा ने एसआई एकता, अविनाश व सुरजीत सिंह को निलंबित किया है। उदयपुर रेंज आईजी राजेश मीना ने एसआई राजेश्वरी, दिनेश विश्नोई, मनोहर, श्याम प्रताप सिंह व विक्रमजीत सिंह को सस्पेंड किया गया है। इसी तरह कोटा रेंज आईजी रविदत्त गौड़ ने मालाराम विश्नोई, चेतन सिंह व रेणु कुमारी को निलंबित किया है।

### अब तक 45 ट्रेनी गिरफ्तार, 25 जमानत पर

पेपरलीक मामले में अभी तक 45 ट्रेनी एसआई की गिरफ्तारी एसओजी कर चुकी है। इनमें से 25 आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। इनके अलावा 6 आरोपी ऐसे गिरफ्तार किए हैं, जिनका चयन तो हो गया था, लेकिन उन्होंने जॉइन नहीं किया था। इस मामले में विभागीय कार्रवाई के लिए पुलिस मुख्यालय ने सभी जिला और रेंज को मई में कहा था। सरकार और पुलिस मुख्यालया से हरी झंडी के इंतजार में कार्रवाई रुकी हुई थी। एसआई भर्ती 2021 मामले में ट्रेनिंग ले रहे एसआई को फील्ड ट्रेनिंग पर भेजने के पुलिस मुख्यालय के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती भी दी गई है।

## ऑपरेशन टटपूँजिया-008 साइक्लोनर टीम के हत्थे चढा 5 वर्षों से फरार ईनामी बदमाश



**चमकता राजस्थान। अनिल पुष्करणा।** फलोदी 4 जनवरी साइक्लोन टीम के ₹ऑपरेशन टटपुंजिया ₹के तहत 05 वर्षों से फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया गया । श्री विकास कुमार, महानिरीक्षक पुलिस, जोधपुर रेंज, जोधपुर ने बताया कि रेन्ज स्तरीय साईक्लोनर टीम के द्वारा रेन्ज के ईनामी बदमाश अपराधियों की धरपकड़ के दौरान बीकानेर रेन्ज का 15 हजार रूपये वाछित ईनामी अपराधी सोनाराम पुत्र गणपतराम जाति विश्नोई निवासी ननेउ पुलिस थाना जाम्बा जिला जोधपुर ग्रामीण को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना नाल बीकानेर में भारी अवैध प्रतिबन्धित नशीली दवाईयों को जब्त के मामले में ननेउ पुलिस थाना जाम्बा जिला जोधपुर ग्रामीण में 05 वर्षों से फरार चल रहा था ।

# पिकअप में बना रखा था चलता फिरता पेट्रोल पंप, 1400 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ पकड़ा !

चमकता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (बाबू अग्नानी)** चित्तौड़गढ़ शहर के सदर थाना इलाके में कोटा-उदयपुर फोरलेन पर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने पिकअप वाहन में चलते-फिरते पेट्रोल पंप को पकड़ा है। पिकअप के पीछे बॉडी में टंकी लगा कर पेट्रोल पंप का सेटअप किया हुआ था। साथ ही नोजल भी लगाया हुआ था, जिससे कि पेट्रोलियम पदार्थ भरा जा रहा था। मौके से पिकअप एवं एक दुकान से कुल 1430 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ मिला है। मामले की जानकारी मिलने के बाद रसद विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची है। पेट्रोलियम पदार्थ के सैंपल लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। वहीं पुलिस एवं रसद विभाग की इस कार्रवाई के बाद हाईवे पर अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थ बेचने वालों में हड़कंप मच गया।



### निंबाहेड़ा से पेट्रोलियम पदार्थ लाना स्वीकारा

पुलिस और रसद विभाग को पिकअप के साथ नीमच निवासीजाहिद खान व सिंगोली निवासी अनीस मंसूरी मिले हैं। इनसे प्रारंभिक पूछताछ हुई है। इसमें स्वीकार किया कि पेट्रोलियम पदार्थ यह पिकअप में निंबाहेड़ा से लेकर आते हैं। इसे चार पहिया और बड़े वाहनों में भी भरा जाता है। दो से तीन दिन में एक चक्कर निंबाहेड़ा का होता है। इन्होंने यह भी बताया कि दो साझेदार मिल कर इस अवैध धंधे में मालिक है। फिलहाल पुलिस पुलिस चालक और इसके साथी के बयानों की पुष्टि में जुट गई है कि यह सही बोल रहे हैं या गलत।

### प्रवर्तन अधिकारी सुमन तिवारी की रिपोर्ट पर जांच शुरू!

जानकारी में सामने आया कि चित्तौड़गढ़ शहर के निकट हाईवे पर अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थ बिक्री की शिकायतें मिल रही थी। इस पर चित्तौड़गढ़ पुलिस नजर रखे हुए थे। वहीं शुक्रवार शाम को चित्तौड़गढ़ सदर थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक पिकअप में अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थ वाहनों में भरा जा रहा है। इस सूचना के बाद सदर थाना पुलिस ने पिकअप वाहन की तलाश शुरू की। थाना क्षेत्र में कोटा- उदयपुर हाईवे पर भंडारिया रोड के पास एक गैराज के यहां पिकअप वाहन खड़ा मिला। इस पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और टीम ने वाहन की जांच की। इसमें सामने आया कि पिकअप की बॉडी में टंकी लगा कर पेट्रोल पंप का सेटअप तैयार किया हुआ था। इस टंकी में पेट्रोलियम पदार्थ भरा हुआ था। वहीं नोजल लगा कर पेट्रोल पंप की तर्ज पर वाहनों में पेट्रोलियम पदार्थ भरा जा रहा था। मौके पर मिले चालक के द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया था। इस पर सदर थाना पुलिस ने वाहन चालक और इसके साथी को पकड़ लिया। वाहन की जांच की तो सामने आया कि इसमें लगी टंकी में पेट्रोलियम पदार्थ भरा हुआ था। लेकिन स्पष्ट नहीं हुआ कि किस तरह का पेट्रोलियम पदार्थ था। इस पर सदर थाना पुलिस ने मामले की सूचना रसद विभाग को दी। रसद विभाग चित्तौड़गढ़ से प्रवर्तन अधिकारी सुमन तिवारी मौके पर पहुंची। यहां पर प्रवर्तन अधिकारी ने कार्यवाही शुरू की। साथ ही पेट्रोलियम पदार्थ के सैंपल लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए आगे भेजा जाएगा। प्रवर्तन अधिकारी की रिपोर्ट पर सदर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मौके पर सदर थाना से एएसआई सुरेंद्रसिंह मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे थे। कार्रवाई को लेकर प्रवर्तन अधिकारी सुमन तिवारी ने बताया कि सदर थाना पुलिस ने एक पिकअप को रोका इसमें अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थ की बिक्री जी की जा रही थी। सदर थाना पुलिस की सूचना मिली थी कि अवैध बायो डीजल बेचा जा रहा है, लेकिन है यह पेट्रोलियम पदार्थ हो सकता है। पुलिस की सूचना पर जांच के लिए मौके पर पहुंची। यहां मिली पिकअप के अंदर इन्होंने ऐसा सिस्टम किया हुआ है कि टंकी लगा कर नोजल लगी हुई है। इससे इन्होंने वाहनों में पेट्रोलियम पदार्थ भरना बताया, जिसे हमने मौके पर भी देखा है। यह बाहर से लाकर यहीं से रोज वाहनों में अवैध तरीके से बेचते हैं। जांच के बाद पिकअप से 1200 तथा गैराज के पीछे स्थित दुकान में रखे ड्रम से 230 लीटर सहित कुल 1430 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ पकड़ा है। प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि नियमानुसार पेट्रोलियम पदार्थ और वाहन की जब्ती की जाएगी। सैंपल भी लिए जा रहे हैं इसके, जिसे एफएसएल रिपोर्ट में भेजेंगे कि यह पेट्रोलियम पदार्थ कौनसा है। मौके से मिले पिकअप के चालक ने बताया कि यह पिकअप मध्यप्रदेश निवासी जयप्रकाश सुखवाल की है।

## संक्षिप्त समाचार

### महंत महेश्वरानन्द गिरी जी महाराज का अवतरण दिवस आज

● रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

**चमकता राजस्थान/ अनिल पुष्करणा/फलोदी।** गुरूदेव महंत श्री महेश्वरानन्द गिरी जी महाराज के अवतरण दिवस पर 5 जनवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा । जिसको लेकर तैयारियां जोरो से की जा रही है ।
नीलकंठ महादेव, भैरूगिरी जी का मठ (सराय), फलोदी में आयोजित होने वाले इस स्वेच्छिक रक्तदान शिविर को लेकर तैयारियां जोरो पर की जा रही है ।
इस शिविर को लेकर भक्तों में भारी उत्साह नजर आ रहा है ।

### धौलपुर-गंगापुरसिटी रेलवे लाइन में देरी, एनसीआर से कार्य कराने की योजना



**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर और करौली जिले के निवासियों के लिए बहुप्रतीक्षित धौलपुर-गंगापुरसिटी रेलवे लाइन का कार्य धौलपुर की ओर से तेजी से चल रहा है। लेकिन करौली की तरफ से अब तक काम की शुरुआत नहीं हो पाई है। सूत्रों के अनुसार, परियोजना में हो रही देरी को देखते हुए अब इस कार्य को उत्तर- मध्य रेलवे को सौंपने की तैयारी की जा रही है। इस पर निर्णय इस महीने के अंत तक लिया जा सकता है। पहले यह कार्य उत्तर-पश्चिम रेलवे के पास था।
धौलपुर-गंगापुरसिटी रेल परियोजना को वर्ष 2010-11 में स्वीकृति मिली थी, लेकिन अब तक दोनों जिलों के लोग ट्रेन सेवा का इंतजार कर रहे हैं। द्वितीय चरण के तहत, सरमथुरा से गंगापुरसिटी तक करीब 1861 करोड़ रुपये की डीपीआर रेलवे मंत्रालय को भेजी जा चुकी है। वहीं, धौलपुर से सरमथुरा तक के पहले चरण का कार्य उत्तर- मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा किया जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 747 करोड़ रुपये है। हालांकि, परियोजना में हो रही देरी के कारण द्वितीय चरण के कार्य को भी अब एनसीआर को सौंपने की योजना बनाई जा रही है।
रेलवे ने इस परियोजना को दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। आगरा मंडल द्वारा धौलपुर- सरमथुरा लाइन पर काम पहले ही शुरू हो चुका है, और ट्रैक बिछाने का कार्य जारी है। द्वितीय चरण में सरमथुरा से गंगापुरसिटी तक करीब 76 किलोमीटर की लाइन बिछानी है, जिसमें 15 बड़े पुल और 71 छोटे पुल शामिल हैं। इस परियोजना के पूरा होने से धौलपुर और गंगापुरसिटी के बीच ट्रेन सेवा शुरू हो सकेगी, जिससे दोनों जिलों के लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी।

### बाड़ी ट्रैफिक पुलिस की अनूठी पहल: गुलाब का फूल देकर समझाई जा रही सड़क सुरक्षा



**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखण्ड में सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने एक अनूठी पहल शुरू की है, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वालों को गुलाब का फूल देकर समझाया जा रहा है। ट्रैफिक इंचार्ज राम वकील सिंह के अनुसार, यह पहल एसपी सुमित मेहरणा के निर्देश पर की जा रही है, विशेष रूप से हेलमेट न पहनने वालों को नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है।
पिछले साल दिसंबर में 300 कार्रवाइयां की गईं, जिनमें मुख्य रूप से हेलमेट न पहनने और ओवरस्पीडिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। शनिवार को बाड़ी थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने गुमट चौकी सर्किल पर हेलमेट पहनने की अपील की और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में समझाया। इस मौके पर टाउन चौकी पुलिस इंचार्ज हरवीर सिंह, जितेंद्र सिंह हर्षणा कैलाश चंद, बहादुर सिंह, बलवीर सिंह, ब्रजकिशोर, भी मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार विकास के रुके प्रोजेक्ट शीघ्र शुरू करे : गहलोत

चमकता राजस्थान



**जयपुर 4 जनवरी ।** पूर्व मुख्य मंत्री अशोक गहलोत ने एक्स श्योशल साइट पर पोस्ट कर कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार की नीतियां केवल और केवल कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किए विकास कार्यों को रोकने की है ।उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने मेट्रो का काम अटकाकर प्रोजेक्ट का खर्च बढ़ाया और दूस-रे फेज का काम बंदकर इसे राज्य सरकार के लिए वित्तीय रूप से नामुमकिन सा कर दिया।
पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि मानसरोवर से चांदपोल तक चलने वाली मेट्रो जयपुर की लाइफलाइन बनती जा रही है और जाम से बचने के लिए लोग अपनी गाड़ियां मेट्रो स्टेशन की पार्किंग में खड़ी कर मे-ट्रो ट्रेन से यात्रा को प्राथमिकता देने लगे हैं।
उन्होंने कहा कि अब हमारी सरकार ने मेट्रो का एक नया रूट बनाकर काम शुरू किया जिससे पुराने जयपुर से ट्रांसपोर्ट नगर तक का ट्रेफिक कम हो सकेगा और यातायात आसान हो सकेगा। परन्तु भाजपा सरकार ने अपनी विकास विरोधी सोच के मुताबिक इस काम को भी रोक दिया है।
गहलोत ने कहा कि काम अटकने से जनता को हो रही परेशानी के अलावा काम में देर से प्रोजेक्ट की लागत बढ़ेगी और सारा बोझ टैक्स देने वाली जनता पर ही पड़ेगा। मुख्यमंत्री भजन लाल को अविलंब इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर प्रोजेक्ट्स को पूरा करना चाहिए जिससे जनता को इनका लाभ मिल सके।

### भारतीय स्त्री सदैव से सशक्त है वह किसी से कम नहीं। महिला सशक्तिकरण एक विदेशी सोच : निंबाराम

**चमकता राजस्थान/अंबाबाड़ी जयपुर ।** राष्ट्र सेविका समिति जयपुर विभाग का प्रारंभिक शिक्षा वर्ग दीक्षांत के साथ पूर्ण हुआ। इसमें बहनों ने विभिन्न शारीरिक कौशल जैसे दंड चलाना, यष्टी चलाना, नियुद्ध करना, संचलन करना इत्यादि सीखे । विभिन्न विषयों पर बौद्धिक सुने एवं चर्चाओं में भाग लिया। बहनों ने भजन कीर्तन और विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म के बारे में एवं शाखा पद्धति के बारे में भी सिखा।



बहनों ने वर्ग स्थान के आसपास के क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली व स्थानीय पार्क में वर्ग में सीखे कौशल का प्रदर्शन किया।
समापन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम का मार्गदर्शन बहनों को प्राप्त हुआ ।
जिसमें निंबाराम ने बताया कि महिला सशक्तिकरण एक विदेशी सोच और ढकोसला है, भारतीय महिला सदैव से ही सशक्त है, वह किसी से कम नहीं। उन्होंने कहा जो समय के साथ चलते हैं वही जिंदा रहते हैं संसार में। उन्होंने कहा भारतीय संस्कृति में जन्म लिए व्यक्तियों की खोज एवं कार्य के कारण हम विज्ञान और ज्ञान में सदैव अग्रसर थे। बहनों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा की प्रारंभिक वर्ग करते ही अब आप कार्यकर्ता हो गए हो आप पर दायित्व आ गया है। जब आप शाखा लगाने जाएं और प्रारंभ में ज्यादा लोग ना आए तो भी आपको विचलित नहीं होना धीरे-धीरे हिम्मत रख अपने कार्य का विस्तार करना है एवं समिति के संदेश को घर-घर तक पहुंचना है।
कार्यक्रम में समिति अधिकारी शिक्षिकाएं, प्रबंधिकाएं व शिक्षार्थी उपस्थिति रहीं।
दीक्षांत के अंत में उपस्थित सभी ने रामधुनी गाकर एक दूसरे से विदाई ली।

### अवैध रूप से बांग्लादेश से आए 5 अप्रवासी पकड़े गए

● उत्तम नगर मेट्रो स्टेशन के पास का मामला

**नई दिल्ली/एजेंसी।** उत्तम नगर मेट्रो स्टेशन के पास बांग्लादेश से आए 5 अवैध अप्रवासी पकड़े गए हैं। उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने ये जानकारी दी है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि पूछताछ के दौरान इन लोगों ने खुलासा किया कि ये अवैध रूप से बांग्लादेश आए थे। उनके मोबाइल फोन की जांच करने पर बांग्लादेश की नागरिकता और मोबाइल नंबर की पुष्टि हुई। सभी अवैध अप्रवासियों को एफआरआरओ, आरके पुरम के कार्यालय में पेश किया गया और आवश्यक दस्तावेज पूरे होने के बाद, उन्हें इंद्रलोक स्थित केंद्र में हिरासत में लिया गया है।

### पटना बेउर के जेल अधीक्षक के ठिकानों पर ईओयू की छापेमारी

जेल अधीक्षक से जुड़ी संपत्तियों को लेकर ईओयू की टीम को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं

एजेंसी

**पटना।** पटना स्थित बेउर जेल अधीक्षक विधु कुमार के ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने छापेमारी की है। आरोप है कि उन्होंने आय से 146 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित की है। जेल अधीक्षक से जुड़ी संपत्तियों को लेकर ईओयू की टीम को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। विधु कुमार के पटना स्थित सरकारी आवास के अलावा उनके पैतृक गांव स्थित आवास पर भी आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने छापा मारा है।
बेऊर काराधीक्षक बनने के बाद और उससे पहले की उनकी कमाई और वेतन के साथ-साथ पूर्वजों की संपत्ति का भी मिलान किया जा रहा है। उन्होंने आय से काफी अधिक संपत्ति अर्जित की है। अधिकारियों ने उनकी संपत्तियों और वित्तीय लेनदेन की भी जांच की है।
बेऊर जेल अधीक्षक बनने से पहले विधु कुमार पूर्णिया, मधुबनी और कटिहार जेल में भी अधीक्षक के पद पर रह चुके है। उस दौरान भी उन पर कई गंभीर आरोप लगे थे।
आर्थिक अपराध इकाई ने छापेमारी को लेकर जो जानकारी साझा की है, उसके अनुसार 4 जनवरी को विधु कुमार के कई ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में छापेमारी की गई है। प्रारंभिक रूप से जांच के दौरान आय से 146 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने के साक्ष्य मिले हैं। इस संदर्भ में 3 जनवरी को ही आर्थिक अपराध थाना में बेऊर जेल अधीक्षक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई थी।

### वारंटियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, दो पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी

**पटना।** बिहार में दरभंगा शहर के लहेरियासराय अन्तर्गत सैदनगर-अभंडा में भीड़ ने शनिवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार कर ले जा रही लहेरियासराय थाने की पुलिस पर जानलेवा कर दिया। इसमें दो सब-इंस्पेक्टर व एक सिपाही जख्मी हो गए। उन्हें दरभंगा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (डीएमसीएच) इमरजेंसी में ले जाया गया है।
पुलिस टीम कोर्ट के आदेश पर फरार आरोपित जितेंद्र कुमार यादव को गिरफ्तार करने पहुंची थी। जितेंद्र के खिलाफ वारंट और कुर्की की कार्रवाई का मामला दर्ज था। गिरफ्तार कर ले जारी आरोपितों के पक्ष में स्थानीय लोगों ने पुलिस पर जमकर पथराव किया। इस दौरान भीड़ ने एक पुलिस कर्मी से पिस्टल भी छीनने की कोशिश की।
जख्मी पुलिस कर्मी अमित कुमार ने कहा कि हम लोग दोनों वारंटियों को गिरफ्तार कर ले जा रहे थे। इस बीच कुछ महिला-पुरुष उन्हें ले जाने से रोकने लगे। हमने उन्हें सरकारी काम में बाधा डालने से मना किया। इसके बाद वहां भीड़ जुट गयी और पुलिस पर पथराव किया जाने लगा। इससे हम लोगों को चोट लगी।
घटना की जानकारी मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जगनाथ रेड्डी जलारेड्डी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। एसएसपी ने बताया कि लहेरियासराय थाने की पुलिस ने समस्तीपुर फैमिली कोर्ट से निर्गत नोटिस के आधार पर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया था। इसके विरोध में आरोपितों के परिजनों ने पुलिस पर हमला किया और मारपीट की। इसमें दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। उन्हें डीएमसीएच भेजा गया है। पथराव में पुलिस की दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। लोगों ने रोड पर टायर भी जलाए हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उन लोगों की पहचान की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि छोटे बच्चों को भी उकसाकर उनसे भी पथराव कराया गया है। उन्होंने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की ओर से एक राउंड हवाई फायरिंग करने की भी बात कही। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में दोनों वारंटियों समेत अन्य कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### भाजपा के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष के सम्मान को लेकर समारोह आयोजित

एजेंसी

**भागलपुर।** जिले में सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम के मारवाड़ी युवा मंच के प्रांगण में शनिवार को भाजपा के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष डॉक्टर कुमारी अलका चौधरी के सम्मान को लेकर समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार साह, सुल्तानगंज के स्थानीय विधायक डॉक्टर प्रोफेसर ललित नारायण मंडल, भाजपा जिला महामंत्री योगेश पांडे, भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर, जिला मंत्री राजेश टंडन, भाजपा चुनाव प्रभारी शशि शंकर राय, प्रदीप कुमार, वरिष्ठ कार्यकर्ता अरुण सिंह और विधानसभा संयोजक दिलीप शाह मुख्य रूप से मंच पर उपस्थित थे।

### सुदूर सुंदरवन क्षेत्र के पिछड़े इलाकों के छात्रों को भारत सेवाश्रम संघ ने पाठ्य सामग्री प्रदान की



संवाददाता

**कोलकाता।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में, भारत सेवाश्रम संघ ने सुंदरबन के दूरस्थ और पिछड़े इलाकों के लगभग 42 स्कूलों के छात्रों को चौथी कक्षा तक के पाठ्यपुस्तकें और अन्य शैक्षणिक सामग्री निःशुल्क प्रदान की।
कोलकाता के बालीगंज में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत सेवाश्रम संघ के प्रधान सचिव स्वामी विश्वात्मानंद महाराज ने इन सामग्रियों को स्कूलों तक पहुंचाते हुए कहा कि वे शिक्षा के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास के लिए भी निरंतर कार्य कर रहे हैं। संघ विज्ञान आधारित पशु संसाधन विकास, मछली पालन, और अन्य गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहा है। साथ ही, निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। गंगासागर, बसंती, गोसाबा, कुलपी, मंदिर बाजार, और कुलतली के मयपीठ जैसे क्षेत्रों में जरूरतमंद छात्रों के लिए यह सहायता उपलब्ध कराई गई है। इस कार्यक्रम में संबंधित स्कूलों के शिक्षक और शिक्षिकाएं भी उपस्थित थीं। इसके अतिरिक्त, स्वैच्छिक संस्था जय फाउंडेशन ने भी इस पहल में अपना योगदान दिया। संस्था की ओर से उत्पल धर इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### मालदा में तृणमूल नेता की हत्या के आरोप में 2 और गिरफ्तार, हत्या का मकसद अब भी अज्ञात

संवाददाता

**कोलकाता।** इंग्रेजबाजार के पार्षद की हत्या के मामले में पुलिस ने 2 और को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभिजीत घोष और अमित रजक हैं। ये दोनों इंग्रेजबाजार के रहने वाले हैं। गिरफ्तार अभिजीत घोड़ापीर के घोसपारा का रहने वाला है। अमित झलझलिया स्थित रेलवे कॉलोनी का रहने वाला है। इस घटना में अब तक कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, दो दिन बीत जाने के बाद भी पार्षद की हत्या के पीछे का मकसद स्पष्ट नहीं हो सका है। पिछले 2 जनवरी को मालदा के इंग्रेजबाजार नगर पालिका के तृणमूल पार्षद दुलाल उर्फ बबला सरकार अपनी फैक्ट्री जा रहे थे वह पाइप लाइन जंक्शन पर अपनी निजी कार से उतरे। आरोप है कि उसी वक्त एक बाइक पर सवार चार बदमाशों ने पार्षद का पीछा किया। कार से उतरते ही पार्षद अपनी फैक्ट्री के सामने एक दुकान की ओर भागे। खुद का जान बचने का प्रयास किये। बदमाश दुकान में भी घुस गए। पार्षद पर 4 राउंड फायरिंग की गई । अस्पताल ले जाने के बाद पार्षद की मौत हो गई। इस घटना पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिला पुलिस अधीक्षक को कड़ी फटकार लगायी ।
पार्षद की हत्या क्यों की गयी, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। इंग्रेजबाजार थाने के एक सूत्र के



मुताबिक, जांच अधिकारियों को शुरूआती तौर पर लगता है कि बबला सरकार की हत्या जमीन संबंधी मामले में हुई होगी। पुलिस उसी आधार पर आगे बढ़ रही है। जांचकर्ता राजनीतिक दुश्मनी के मुद्दों से भी इनकार करने में अनिच्छुक हैं। इस बीच, विहार-योग सिद्धांत गति पकड़ रहा है। पुलिस के मुताबिक, मोटी रकम के बदले सुपारी किलरों को बिहार से हायर किया गया था। हत्या के आरोपित बिहार के दो बदमाशों समेत कुल तीन लोगों की गिरफ्तारी के मामले से यह स्पष्ट हो गया है।
पुलिस ने गुरुवार दोपहर हत्या के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है इनमें से एक बिहार का रहने वाला है । इंग्रेजबाजार गबगाछी जादूपुर का रहनेवाला है एक अन्य व्यक्ति को पुलिस ने हरिश्चंद्रपुर से सटे बिहार सीमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है ।

-किसान नेताओं ने निड़र पार्क में लिया व्यवस्थाओं का जायजा

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक की 12 को हलैना में होगी सभा

चमकता राजस्थान

**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** पानी का इंतजाम करने के लिये बाणगंगा नदी को गम्भीर से जोड़ने तथा पाँचना पानी का बँटबारा करने तथा नौजवानों को रोजगार का इंतजाम करने जैसी माँगों को लेकर आगामी 12 जनवरी को कस्वा हलैना में होने बाले किसान सम्मेलन की तैयारियों का किसान नेताओं ने गत दिन कार्यक्रम स्थल स्वर्गीय गिर्राज सिंह निड़र पार्क का अवलोकन किया। किसान नेता और कार्यक्रम के संयोजक इन्दल सिंह जाट ने बताया कि सिंचाई पानी और किसानों की समस्याओं को लेकर 12 जनवरी को हलैना में होने बाले किसान सम्मेलन में जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक मुख्य अतिथि होगे जबकि अध्यक्षता पूर्व सांसद पंडित रामकिशन होगे ।



कार्यक्रम स्थल निड़र पार्क का अवलोकन पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ' किसान नेता इन्दल सिंह ' भरतपुर नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष इन्द्रजीत भारद्वाज ( भूरा ) , भाकियू ( चढ़नी ) के प्रदेशाध्यक्ष विरेन्द्र मोर अलवर , लोकेश फौगाट जिलाध्यक्ष जय किसान आन्दोलन अलवर , भाकियू ( चढ़नी ) के संभाग अध्यक्ष निर्भय सिंह बड़ेसरा ' प्रवीण बिजवारी ' हीरा सिंह ' गुर्जर महा सभा के अध्यक्ष श्रीराम चंदेला ' पूर्व सरपंच केशव देव शर्मा ' पंड़ित राजदेव डहरा , ने पार्क का अवलोकन किया और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की।

## संक्षिप्त खबरें

### सेफ्टी टैंक के गड्ढे में गिरी बच्ची की मौत

**वाराणसी।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के सातों महुआ स्थित एक विद्यालय के सेफ्टी टैंक के लिए खोदे गए गड्ढे में शनिवार को दो वर्षीय बच्ची गिर गई। जब तक बच्ची को गड्ढे से निकाला जाता उसकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सातो महुआ में पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय चलता हैं। विद्यालय में जनपद चंदौली के पाण्डेयपुर पचोखर निवासी संतोष पांडेय काम करते है। संतोष अपने परिवार के साथ विद्यालय परिसर में ही रहते हैं। संतोष की बेटी निधि अभी ठीक से चल भी नही पाती थी। बच्ची खेलते–खेलते किसी तरह खुले सेफ्टी टैंक के पास पहुंच गई।

### हिट एंड रन का मामला, डॉक्टर ने 6 लोगों को कार से रौंदा, 2 की मौत

**जबलपुर।** जबलपुर के विजय नगर थानांतर्गत शुक्रवार देर रात एक हिट एंड रन का मामला सामने आया है। जहां एसबीआई चौक में शराब के नशे में धुत एक डॉक्टर ने कार से छह लोगों को कार से रौंद दिया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। लोगों को टक्कर मारने के पहले डॉक्टर ने एक कार को भी चकनाचूर कर दिया था। बताया जाता है कि कार डॉक्टर संजय पटेल चला रहा था। हादसे से मौके पर अफरा तफरी मच गई। लोगों की बडी संख्या में भीड एकत्रित हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

### माइक जॉनसन फिर अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के स्पीकर चुने गए

**वाशिंगटन।** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन से रिपब्लिकन पार्टी के नेता और सांसद माइक जॉनसन को शुक्रवार को दोबारा अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा का स्पीकर चुना गया। उन्होंने तीन मतों के मामूली अंतर से जीत दर्ज की। 'एबीसी न्यूज' चैनल के अनुसार रिपब्लिकन पार्टी के पास सदन में 219, डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 215 सीट हैं। लुइसियाना के चौथे कांग्रेशनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले 52 वर्षीय जॉनसन को 218 और डेमोक्रेटिक पार्टी के हकीम जेफ्रीज को 215 वोट मिले।

### ट्रक की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के शीतला मंदिर के पास शुक्रवार देर रात हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान सनी यादव (42) के रूप में हुई है। वह कटरा कोतवाली क्षेत्र के बेलखरिया का पूरा का निवासी था। नगर के बथुआ तिराहा स्थित शीतला मंदिर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने शुक्रवार की देर रात बाइक पर सवारों को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि सनी यादव की मौके पर ही मौत हो गई।

### जमीन विवाद पर दो भाईयों के साथ डंडों से मारपीट, तीन पर केस दर्ज

**राजगढ़।** राजगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम रुगनाथगढ़ में शनिवार सुबह जमीन को लेकर चल रहे विवाद पर गांव के तीन लोगों ने दो भाईयों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे उन्हें हाथ और पैर में गंभीर चोटें लगी। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रभूलाल गुर्जर ने बताया कि जमीन को लेकर चल रहे विवाद पर गांव के पवन पुत्र रामप्रसाद, कल्लू पुत्र फूलसिंह और रवि पुत्र जयराम गुर्जर गाली-गलौज करने लगे, विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### बैराज जलाशय से एक अज्ञात शव बरामद

**ऋषिकेश।** लक्ष्मण झूला थाना अंतर्गत पशुलोक बैराज जलाशय से एसडीआरएफ टीम की ने एक अज्ञात शव बरामद किया है। एसडीआरएफ के प्रभारी कविंद्र सजवाण ने बताया कि शनिवार को थाना लक्ष्मणझूला से सूचना मिली कि एक शव बैराज चैनल में फंसा है। जिसकी सूचना पर एसडीआर एफ टीम ने मौके पर पहुंचकर बैराज के चैनल में फंसे शव को निकाल कर पुलिस को सुपर्द दिया गया है। उन्होंने बताया कि शव लगभग 20 से 25 दिन पुराना व 45 से 50 बर्ष का प्रतीत होता है।

### गौमांस व दो बाइक पुलिस ने किए बरामद

**हरिद्वार।** खेत में गौकशी कर रहे आरोपित पुलिस की आहट पाकर मौके से फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने मौके से गौमांस, गौकशी के उपकरण व दो बाइक बरामद की हैं। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक जनपद की थाना भगवानपुर पुलिस को क्षेत्र के ग्राम छापुर स्थित बगीचे में गौकशी किए जाने की मुखबिर से सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपित फरार होने में कामयाब रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

**अजमेर।** मदनगंज किशनगढ़ स्थित सिंधी कॉलोनी गंदा नाला पुलिया रेलवे लाइन पार करते समय मालवाहक ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मदनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। युवती की शिनाख्त हरियाणा गोड़ धर्मशाला निवासी 24 वर्षीय दीपू कंवर राजपुरोहित के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवारजनों को सुपुर्द कर दिया जाएगा।

# डॉ. मोहन ने की समाधान ऑनलाइन में लम्बित प्रकरणों की समीक्षा

● दो पटवारी निलंबित, अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र होगा जारी

**भोपाल। एजेंसी**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नागरिकों की समस्याएं लंबे समय तक लंबित रखने वाले दोषी अधिकारी-कर्मचारी दंडित किए जाएंगे। आमजन का कल्याण ही राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। राजस्व, छात्रवृत्ति वितरण सहित अन्य योजनाओं की स्वीकृति और योजनाओं की राशि वितरण संबंधी कोई भी कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार की रात मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समाधान ऑनलाइन में विभिन्न जिलों के नागरिकों के लंबित प्रकरणों में समाधान करवाया। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन में उल्लेखित शिकायतों के निराकरण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों और सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों को बधाई दी। इन जिलों में सागर, कटनी, सिंगरौली, विदिशा और सीहोर जिलों के अधिकारियों को बधाई मिली। श्रेष्ठ कार्य करने वाले और उच्च प्रदर्शन वाले विभागों में ऊर्जा, नगरीय विकास, महिला एवं बाल विकास, पंचायत ग्रामीण विकास एवं गृह विभाग शामिल हैं। वहीं, योजनाओं की स्वीकृति और योजनाओं की राशि वितरण कार्य लंबित रहने पर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। रीवा जिले की छात्रा को गांव की बेटी योजना में मिलने वाली राशि का भुगतान में देरी होने पर उच्च शिक्षा विभाग के एक अधिकारी को निलंबित किया गया है। जबकि एक अधिकारी की सेवा समाप्ति का निर्णय लिया गया।

भोपाल के अनिल मालवीय के अपने निवास के निकट नालियों के फर्शीविहीन होने की शिकायत पर नगर निगम के दोषी कर्मचारी की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने गुना जिले के समंदर सिंह द्वारा परिजन की सर्पदंश से मृत्यु पर राहत राशि प्राप्त न होने की शिकायत कर पटवारी के निलंबन और संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसे प्रकरणों में लोक सेवा गारंटी अधिनियम का उपयोग कर समय पर कार्य पूरे करवाए जाएं।

दतिया जिले के ऋषि पुरोहित ने अपनी भूमि किसी अन्य व्यक्ति को आवंटन होने और करीब सवा साल तक कार्यवाही न करने की शिकायत की थी। इस मामले में दोषी पटवारी को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। गुना जिले के हेमंत जायसवाल द्वारा आहार अनुदान की राशि प्राप्त न होने से जिला एवं राज्य स्तर पर पोर्टल में आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना जिले के आरिफ अहमद को संबल योजना में अनुग्रह सहायता दिलवाने और अलीराजपुर के माधव सिंह तोमर को पशु बीमा योजना के अंतर्गत राशि के भुगतान के निर्देश दिए गए।

## घोटाला दबाने वालों पर क्यों कार्रवाई नहीं कर रही है सरकार : जयराम ठाकुर

**शिमला। एजेंसी**



ठियोग में पानी आपूर्ति घोटाले को लेकर विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकार पर ढुलमुल रवैया अपनाने और घोटाले को दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की नीयत पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि घोटाले में संलिप्त सभी व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए। जयराम ठाकुर ने शनिवार को एक बयान में कहा कि ठियोग में हुए पानी आपूर्ति घोटाले का मामला एक साल पुराना है, लेकिन सरकार को इसकी भनक तक नहीं लगी।

जब टैंकर चालक ने नवंबर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस घोटाले का खुलासा किया तब भी सरकार और प्रशासन चुप्पी साधे रहा। शिकायत महीनों तक एसडीएम के पास पड़ी रही और जब विपक्ष ने इस मामले को सड़कों पर उठाया तब जाकर सरकार ने कार्रवाई का दिखावा किया। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने तक सीमित रहकर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। जय राम ने कहा कि यह स्पष्ट है कि बिना राजनीतिक संरक्षण और पक्षपात के इतनी बड़ी गड़बड़ी संभव नहीं हो सकती। जो क्षेत्र सड़कविहीन हैं, वहां भी टैंकर से पानी की सप्लाई दिखाकर फर्जी बिल पास किए गए। एक ही दिन में हजारों किलोमीटर का सफर तय करना दिखाया गया। यह सब अधिकारियों और संबंधित लोगों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में काम करने वाले ठेकेदार अपने भुगतान के लिए धरने दे रहे हैं।

## नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सजा पर फैसला 10 को

**न्यूयॉर्क। एजेंसी**



अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हश मनी केस में 10 जनवरी को अदालत के समक्ष पेश होना होगा। जस्टिस जुआन एम. मर्चन ने इस केस में सजा पर फैसला सुनाने के लिए यही तारीख मुर्करर की है। अदालत ने शुक्रवार को एक पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए रकम देने के आरोप में ट्रंप को दोषी ठहराया। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, जस्टिस जुआन एम. मर्चन ने संकेत दिया कि वह ट्रंप को बिना शर्त बरी करने के पक्ष में हैं। उन्होंने सजा की तारीख तय करते हुए ट्रंप को व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअली उपस्थित होने का आदेश दिया। सनद रहे, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप 20 जनवरी को शपथ ग्रहण करेंगे। विधि विशेषज्ञों का मानना है कि उन्हें सजा मिलेगी इसकी संभावना नहीं है। ट्रंप की 10 जनवरी की पेशी अमेरिका के इतिहास में अलग तरह का परिदृश्य रखेगी। ट्रंप से पहले किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी मामले में दोषी नहीं ठहराया गया है। उन्हें शर्मनाक अपराध में दोषी के तौर पर अदालत में पेश होना होगा। वह दोषी के तौर पर राष्ट्रपति पद को शोभायमान करने वाले पहले व्यक्ति होंगे। मैनहट्टन जूरी मई में उन्हें व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 मामलों में दोषी ठहरा चुकी है। जस्टिस मर्चन ने शुक्रवार को जूरी के फैसले को पलटने से इनकार करते हुए ट्रंप के इस दावे को खारिज कर दिया कि उनकी चुनावी जीत से उनकी सजा रद्द हो जानी चाहिए।

## पाकिस्तान के कुर्रम में फिर भड़की हिंसा, गोलीबारी में उपायुक्त घायल

**इस्लामाबाद। एजेंसी**



पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले के उपायुक्त जावेदुल्ला महसूद आज बागान इलाके में हुई गोलीबारी में घायल हो गए। उपायुक्त महसूद जिले में दो कबायली समूहों के बीच छिड़े सशस्त्र संघर्ष को खत्म कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जियो न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, बागान इलाके में युद्धरत जनजातियों के बीच एक जनवरी को हुए शांति समझौता होने के बाद आज अशांत क्षेत्र में फिर हिंसा भड़क उठी। क्षेत्र में शांति बहाल करने के प्रयासों में अहम भूमिका निभा रहे डिप्टी कमिश्नर को अस्पताल ले जाया गया है।

बताया गया है कि जिला उपायुक्त महसूद के नेतृत्व में आज आवश्यक वस्तुओं के वाहनों का काफिला पाराचिनार के लिए रवाना हुआ। ताल-पाराचिनार सड़क पर पहुंचते ही काफिले पर हुई गोलीबारी में महसूद घायल हो गए। सनद रहे, पहली जनवरी को हुए शांति समझौते के बाद पाराचिनार सहायता भेजने पर सभी पक्षों ने सहमति जताई थी।

इस गोलीबारी की घटना पर खैबर पख्तूनख्वा के मुख्य सचिव नदीम असलम चौधरी ने कहा कि शांति समितियां काफिले की सुरक्षा सुनिश्चित करने और समझौतों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं। समितियों में स्थानीय निवासी, आदिवासी बुजुर्ग और सभी संप्रदायों और समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले राजनीतिक नेता शामिल हैं।

सरकारी सूत्रों ने खुलासा किया कि स्थानीय निवासियों ने चरणबद्ध प्रक्रिया के तहत 15 दिन के भीतर अपने हथियार सौंपने का वादा किया है। बंकरों को एक माह में नष्ट करने का लक्ष्य है। इस जिले में संघर्ष विराम लागू करने के लिए लंबे समय तक जिरगा में विचार-विमर्श हुआ है। कुर्रम जिले में अलीजई और बागान कबायली समूहों के बीच संघर्ष 22 नवंबर को तब शुरू हुआ, जब पाराचिनार के पास यात्री वैन के काफिले पर हमला हुआ था। इस हमले में 47 लोग मारे गए थे।

### धुंध का कहर, हादसों में दो की मौत,तीन घायल

**कैथल।** कैथल में धुंध के कारण शुक्रवार रात अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। घायलों को शहर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार रात को सड़कों पर गहरी धुंध पसरी रही और विजिबिलिटी केवल 5 मी रही, जिस कारण सड़क पर वाहन चलाना बेहद जोखिम भरा रहा। शाम को वाहन आपस में टकराने के कारण चीका के रहने वाले 25 वर्षीय शुभम की सड़क हादसे में मौत हो गई। रात को ही धुंध के कारण हुए सड़क हादसे में गांव मानस के रहने वाले 27 वर्षीय रिंकू की भी मौत हो गई। तीन अन्य लोग भी इस हादसे में घायल हो गए। इनमें जींद के रहने वाले साहिल और प्रदीप का नेशनल हाईवे 152डी पर एक्सीडेंट हुआ। इसके अलावा कैथल के सजूमा गांव का रहने वाला अशोक भी हादसे का शिकार हुआ। घने कोहरे में सड़क के बाएं ओर ही देखकर गाड़ी ड्राइव करें। इसका लाभ यह होगा कि बिना किसी भटकाव के आपकी गाड़ी सीधी लाइन में चलती रहेगी। गाड़ी ड्राइव करने वालों की आसानी के लिए सड़कों पर पीली लाइट लगाई जाती है।

### धुंध में खड़े ट्राले से टकराया ट्रक, एक घायल

**फतेहाबाद।** क्षेत्र के गांव जांडली के पास धुंध के कारण एक ट्रक सडक पर खड़े सरियों से भरे ट्राले में जा टकराया। इस हादसे में अंबाला का एक मधुमक्खी व्यापारी घायल हो गया। उसे उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। भूना पुलिस ने शनिवार को इस बारे केस दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी ट्राला चालक पंकज राय पुत्र घनश्याम राय निवासी तलवाल जिला गाजीपुर, यूपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में अम्बाला के गांव पठान माजरा निवासी गुरमीत सिंह ने कहा है कि वह मधुमक्खी पालन का काम करता है। गत दिवस उसने ट्रक की बुकिंग की थी। ट्रक में मधुमक्खियां भरकर भद्दूकलां के गांव दैयड़ में छोड़?ी थी। दिन में उसने ट्रक में मधुमक्खियां भरकर अम्बाला से चला था। रात करीब 1 बजे जैसे ही वह भूना के गांव जांडली कलां के पास पहुंचे तो सडक पर एक ट्राला खड़ा था जिसमे सरिये भरे हुए थे।

## देश की क्षमता के सदुपयोग के लिये सही दिशा में प्रयास आवश्यक : राजेन्द्र

**भोपाल। एजेंसी**



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वैभवशाली नेतृत्व में भारत में अपार संभावनाएं हैं। देश की क्षमता के सदुपयोग के लिये सही दिशा में प्रयास आवश्यक है। इसके लिए आवश्यक है कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले प्रोफेशनल्स पूरी निष्ठा के साथ देश के निर्माण में अपना योगदान दें। सभी अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि युवा शक्ति और वरिष्ठों के सतत मार्गदर्शन में भारत 2047 तक विश्वगुरु बनेगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल शनिवार को होटल जहांनुमा पैलेस भोपाल में आईसीएसआई (इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया) की एमपी स्टेट कॉन्फ्रेंस-2025 संकल्प में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि देश में तेज गति से विकास हो रहा है। औद्योगीकरण को गति मिली है। विभिन्न क्षेत्रों में स्टार्ट-अप, कंपनियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। आज देश में प्रदेश में सकारात्मक वातावरण है। पूरा विश्व भारत को आशा की नजरों से देख रहा है। कंपनियों का संचालन नियम अनुसार हो और वे सहजता से देश के विकास में सहभागी बनें इसके लिए कंपनी सेक्रेटरीज की भूमिका अहम है।

## पिकअप में बना रखा था चलता फिरता पेट्रोल पंप, 1400 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ पकड़ा

**चित्तौड़गढ़। एजेंसी**



शहर के सदर थाना इलाके में कोटा-उदयपुर फोरलेन पर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने पिकअप वाहन में चलते-फिरते पेट्रोल पंप को पकड़ा है। पिकअप के पीछे बॉडी में टंकी लगा कर पेट्रोल पंप का सेटअप किया हुआ था। साथ ही नोजल भी लगाया हुआ था, जिससे कि पेट्रोलियम पदार्थ भरा जा रहा था। मौके से पिकअप एवं एक दुकान से कुल 1430 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ मिला है। मामले की जानकारी मिलने के बाद रसद विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची है। पेट्रोलियम पदार्थ के सैंपल लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। वहीं पुलिस एवं रसद विभाग की इस कार्रवाई के बाद हाईवे पर अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थ बेचने वालों में हड़कंप मच गया। जानकारी में सामने आया कि चित्तौड़गढ़ शहर के निकट हाईवे पर अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थ बिक्री की शिकायतें मिल रही थी। इस पर चित्तौड़गढ़ पुलिस नजर रखे हुए थे।

चित्तौड़गढ़ सदर थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक पिकअप में अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थ वाहनों में भरा जा रहा है। इस सूचना के बाद सदर थाना पुलिस ने पिकअप वाहन की तलाश शुरू की। थाना क्षेत्र में कोटा- उदयपुर हाईवे पर भंडारिया रोड के पास एक गैराज के यहां पिकअप वाहन खड़ा मिला। इस पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और टीम ने वाहन की जांच की। इसमें सामने आया कि पिकअप की बॉडी में टंकी लगा कर पेट्रोल पंप का सेटअप तैयार किया हुआ था। इस टंकी में पेट्रोलियम पदार्थ भरा हुआ था। वहीं नोजल लगा कर पेट्रोल पंप की तर्ज पर वाहनों में पेट्रोलियम पदार्थ भरा जा रहा था।

**लोकआस्था** › मुख्यमंत्री ने कुरूक्षेत्र के ऐतिहासिक काली मंदिर में मां शब्द के 51 फुट विराट व अद्भुत स्वरूप की रखी आधारशिला

# अद्भुत स्वरूप के निर्माण से बढ़ेगी श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर की महिमा : सैनी

● मां एक शब्द ही नहीं अपितु मां ममता, प्रेरणा और प्रेम का अनोखा संगम है

● संसार में हर साधन व संसाधन की पूर्ति हो सकती है लेकिन मां शब्द की पूर्ति कभी नहीं हो सकती



**चंडीगढ़। एजेंसी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को कुरुक्षेत्र में श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में मातृशक्ति को समर्पित माँ शब्द के 51 फुट विराट व अद्भुत स्वरूप की नींव रखी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर मंदिर में स्थापित शक्तिपीठ पर मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख शांति और उन्नति की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध देवीकूप भद्रकाली मंदिर के प्रांगण में 'माँ' शब्द के 51 फुट विराट व अद्भुत स्वरूप के निर्माण से मंदिर की महिमा और बढ़ेगी। इस मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालु मां के इस महा गौरव स्थल से प्रेरणा लेकर जाएंगे। मुख्यमंत्री ने महा गौरव स्थल पर भूमि पूजन करने के बाद यज्ञ में आहुति डाली।

मुख्यमंत्री ने माँ को समर्पित महा गौरव स्थल प्रोजेक्ट के मॉडल का अवलोकन किया और डाक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से प्रोजेक्ट की बारीकियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि देश के 52 महाशक्ति पीठों में से कुरुक्षेत्र के श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर के प्रांगण में 'माँ' शब्द के विराट व अद्भुत स्वरूप की स्थापना के लिए भूमि पूजन कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। मां एक शब्द ही नहीं अपितु मां ममता, प्रेरणा और प्रेम का अनोखा संगम है। इस संसार में हर साधन व संसाधन की पूर्ति हो सकती है लेकिन मां शब्द की पूर्ति कभी नहीं हो सकती। मां की कोख से ही महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी जैसे महान योद्धा पैदा हुए, इसलिए मां की कल्पना का संसार असीमित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गुरुग्राम में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों की माताओं को सम्मानित किया। अब कुरुक्षेत्र की पावन धरा से पूरे विश्व को मां के अदभुत और विराट स्वरूप से प्रेरणा मिले, ऐसी परियोजना को अमलीजामा पहनाने का कार्य किया गया है। इस परियोजना के पूरा होने से इस मंदिर की महिमा और बढ़ेगी तथा देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को मां से आशीर्वाद लेने के साथ-साथ प्रेरित होने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर और मां के आशीर्वाद से प्रदेश के नागरिकों की सेवा करने का अवसर मिला है। इस विश्व प्रसिद्ध मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और यह मंदिर कुरुक्षेत्र की पूरे विश्व में पहचान बनाने में अहम भूमिका अदा कर रहा है। इस मौके पर देवीकूप भद्रकाली मंदिर के पीठ अध्यक्ष सतपाल शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## राज्य सरकार जनता के साथ दृढ़ता से खड़ी है : डॉ. मोहन

**भोपाल। एजेंसी**

यूनियन कार्बाइड के 337 टन कचरे को पीथमपुर में नष्ट करने के विरोध में स्थानीय लोगों के प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार देररात अपने सरकारी आवास में आपात बैठक बुलाई। बैठक में यूनियन कार्बाइड के कचरे के परिवहन एवं पीथमपुर के निकट निष्पादन किए जाने के संबंध में वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ ही विधि-वेत्ताओं से विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राज्य सरकार जनता के साथ दृढ़ता से खड़ी है। जनता का किसी भी प्रकार अहित हो, यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा। न्यायालय के सामने विषय रखा जाएगा और उसके आदेश पर ही आगे बढ़ा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों से अपील की है कि अफवाहों पर विश्वास न करें। सरकार जनता के साथ हैं। बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, वरिष्ठ सांसद और प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना एवं प्रमुख सचिव विधि सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार ने महात्मा गांधी अंग्रेजी स्कूल बंद किए तो कांग्रेस विरोध कर सदन से सड़क तक जाम करेगी :डोटासरा

चमकता राजस्थान

**(अत्री कुमार दाधीच)जयपुर, 04 जनवरी।** सरकार गठन के 12 माह पश्चात पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश में खोले गये 3737 महात्मा गॉंधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल की समीक्षा के लिये मंत्रीमण्डलीय समिति क्यों गठित की गई, सालभर तक सरकार क्यों सोती रही, इसका जवाब प्रदेश की जनता मांग रही है।

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कांग्रेस मुख्यालय, पर संवाददाताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रदेश में 3737 महात्मा गॉंधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल चल रहे हैं और इस वर्ष 677000 से अधिक छात्र-छात्रायें प्रवेश लेकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और इनमें छात्राओं की संख्या छात्रों के मुकाबले अधिक है। इन सभी छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा नि:शुल्क मिल रही है और पिछले सत्र में इन स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या 709270 से थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के शासन में इन स्कूलों के लिये 45300 पद स्वीकृत किये गये थे, साथ ही अलग से अंग्रेजी माध्यम स्कूल के शिक्षकों का कैडर बनाया गया था ।पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा दस हजार नई भर्तियां भी की गई थी एवं इन्टव्यू व परीक्षा लेकर इन अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षक लगाने का कार्य किया था। डोटासरा ने कहा कि वर्तमान भाजपा शासन में पिछले एक वर्ष से इन स्कूलों में 17192 पद रिक्त हैं, इनमें शिक्षकों के 13552 तथा क्लेरिकल स्टॉफ के 3440 पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि इन अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के लिये मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री ने एक भी नई भर्ती नहीं की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने परीक्षा करवाकर भर्ती करने का केवल स्वांग किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन की यह लोकप्रिय योजना भाजपा नेताओं को अखर रही है तथा कांग्रेस सरकार के कामों की लोकप्रियता से भयभीत भाजपा नेता इस योजना को खत्म करने का षडयंत्र पिछले एक साल से रच रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजस्थान सरकार ने 25-08-24 को भर्ती के लिये परीक्षा आयोजित करवाई, किन्तु जनवरी आ गया, परिणाम निकालने में चार माह से अधिक लगा दिये और मनमर्जी से इस दौरान जिले के 10 प्रतिशत बोनस अंक देने का प्रावधान कर दिया ताकि यह भर्ती विवाद में आकर अटक जाये, लोग कोर्ट में गये और यह प्रावधान हटने पर रिजल्ट तो निकल गया लेकिन भर्ती नहीं की गई और शिक्षा मंत्री विभाग को अब परीक्षा में पास हुये लोगों का इन्टरव्यू लेने के लिये निर्देशित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री की मंशा यह है कि आरएसएस और बीजेपी के समर्थक परीक्षा में पास हुये हैं तो ही उन्हें भर्ती किया जायेगा, इसीलिये यह भर्ती अटकी हुई है। उन्होंने कहा कि जो परीक्षा पास कर मैरिट में आया है उसे लेने की बजाए भाजपा की विचारधारा के व्यक्ति की भर्ती करने की सोच निन्दनीय है। उन्होंने कहा कि समीक्षा के लिये गठित कमेटी का संयोजक उप मुख्यमंत्री को बनाया गया है, पूर्व में भी यह जिलों की समीक्षा हेतु गठित कमेटी में थे, किन्तु समीक्षा कार्य पूर्ण होने से पूर्व ही इन्हें उस कमेटी से हटा दिया गया था और इन्हीं का जिला निरस्त हो गया। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री को वर्तमान में अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की समीक्षा के लिये गठित कमेटी से बीच में ही हटना पड़ेगा क्योंकि इनके विधानसभा क्षेत्र में 59 अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री सुमित गोदारा जो विधानसभा क्षेत्र लूणकरणसर का प्रतिनिधित्व करते हैं उन्होंने खुद कांग्रेस शासन में अपने क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने की मांग की थी और उनके विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के शासन में खोले गये 43 अंग्रेजी माध्यम स्कूल चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोहावट से चुने गये मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर तो अधिकांशतः अंग्रेजी में ही बात करते हैं और अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा उन्होंने प्राप्त की है, उनके विधानसभा क्षेत्र में 33 अंग्रेजी माध्यम स्कूल चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विधानसभा क्षेत्र में भी 8 महात्मा गॉंधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्वाचन क्षेत्र सांगानेर में 19 महात्मा गॉंधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल चल रहे हैं। उन्होंने प्रश्न किया कि क्या कारण है



कि भाजपा सरकार ने इन अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में 13552 शिक्षकों के पद नहीं भरे, 3440 क्लेरिकल स्टॉफ के पद नहीं भरे, आखिर क्या कारण है इसके पीछे कि अब एक वर्ष बाद भाजपा सरकार समीक्षा करवा रही है। उन्होंने कहा कि बोर्ड के इम्तिहान में सैकेण्डरी की परीक्षा में हिन्दी माध्यम के मुकाबले अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का रिजल्ट बेहतर रहा है। उन्होंने कहा कि कभी किसी गॉंव या क्षेत्र में इन अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के विरूद्ध अथवा इन्हें बंद करने की मांग नहीं उठी, ना ऐसा कोई ज्ञापन किसी मंत्री या जनप्रतिनिधि को नहीं मिला है, फिर इस समीक्षा का क्या औचित्य है। उन्होंने कहा कि जब वे स्वयं शिक्षा मंत्री थे तो उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समक्ष मांग उठाई थी कि गरीब का बेटा क्यों अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकता, तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने के लिये स्वीकृति प्रदान की और शिक्षा विभाग ने इन स्कूलों के संचालन हेतु नये नियम, कैडर बनाया, नियुक्तियां दी तथा गरीब का बच्चा नि:शुल्क अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्राप्त करने लगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार को तो केवल शिक्षक नियुक्त करने थे और समयानुसार इन स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या दस लाख से ऊपर हो जाती।

डोटासरा ने कहा कि भाजपा सरकार के शासन में अव्यवस्थाओं के कारण सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का नामांकन दो लाख तक घट गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता नई शिक्षा नीति की बात करते हैं और प्रदेश के बच्चों को कागला, कमेड़ी, टीणसी, बांदरा पढ़ाने की बात करते हैं जबकि नई शिक्षा नीति में 4.14 में स्पष्ट रूप से वर्णित है कि बच्चा मातृ भाषा के साथ ही अंग्रेजी भाषाा में भी सक्षम हो, साथ ही पैरा संख्या 4.20 में वर्णित है कि उच्चतर गुणवत्ता वाले कोर्स के साथ ही विदेशी भाषायें भी बच्चों को पढ़ाई जाये। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की शिक्षा नीति तो अंग्रेजी भाषा पढ़ाना अनिवार्य बता रही है, दूसरी ओर राजस्थान की भाजपा सरकार अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को खत्म करने पर आमदा है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शिक्षा मंत्री मुख्यमंत्री की अनुभवहीनता का या तो लाभ उठा रहे हैं अथवा इसका बेजा इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह समझ से परे है कि प्रदेश में चल रहे अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों को समाप्त करने का षडयंत्र शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री क्यों कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को समीक्षा तो यह करनी चाहिये थी कि सरकारी स्कूलों में नामांकन क्यों घट रहा है। उन्होंने कहा कि चुनावों में स्थानान्तरण नीति की बात भाजपा नेता कर रहे थे, अब इस नीति को बनाने के लिये समीक्षा करनी चाहिये, अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में जल्द से जल्द कैसे शिक्षक दें इसकी समीक्षा होनी चाहिये, स्कूलों को कैसे और सुदृढ़ कैसे किया जा सकता है इसकी समीक्षा करें, सरकार ने एलवन शिक्षक भर्ती में 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षित करने की घोषणा की थी, वह कैसे पूरी हो यह समीक्षा करनी चाहिये, जो समसा में जिनके इन्टरव्यू हुये और फाईल दबी हुई है इसकी समीक्षा करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि 69 लाख बच्चों को स्कूल यूनिफार्म देने थी, लेकिन नहीं दे पाये इसकी समीक्षा करनी चाहिये, 12 सौ रूपये गरीब के बच्चों को ड्रेस के देने थे, क्यों नहीं दे पाये इसकी समीक्षा करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि राजीव गॉंधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस का नाम विवेकानन्द स्कॉलरशिप कर दिया लेकिन बच्चों को दे नहीं रहे इसकी समीक्षा करनी चाहिये, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिल रहा है, बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिल रही है इसकी समीक्षा करनी चाहिये, किन्तु भाजपा की प्रदेश सरकार प्रदेश में सम्भाग, जिले और अंग्रेजी माध्यम के महात्मा गॉंधी स्कूल समाप्त करने का निर्णय ले रही है जो कि जनविरोधी भी है और निन्दनीय भी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना को खत्म कर रही है, आरजीएचएस को खत्म करने का कार्य कर रही है, इंदिरा रसोई का नाम बदलकर भी इस योजना को खत्म कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार का शिक्षा पर कोई फोकस नहीं है, बल्कि इस विभाग में लिये गये निर्णयों में सर्वाधिक यू-टर्न लिया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री को अपनी जाती हुई कुर्सी को बचाने की समीक्षा करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को, अच्छे कार्यों को और बेहतर कैसे बनाया जाये इसकी समीक्षा करने की बजाए इन्हें खत्म करने के लिये राजस्थान की भाजपा सरकार समीक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा के आगामी बजट सत्र में भाजपा सरकार के मंत्रियों को घेरने एवं जनता के मुद्दों को उठाने का कार्य कांग्रेस पार्टी करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान के शिक्षा मंत्री निजी शिक्षण संस्थाओं को लाभ पहुॅंचाने के लिये प्रदेश में चल रहे अंग्रेजी माध्यम के महात्मा गॉंधी स्कूलों को बंद करने का षडयंत्र रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी ही सरकार के शिक्षा मंत्री के षडयंत्र से या तो अनभिज्ञ है अथवा सक्षम नहीं है कि शिक्षा मंत्री पर लगाम कस सके।उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में सैंकड़ों नवाचार किये थे, किन्तु भाजपा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में एक उपलब्धि नहीं बता सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने यदि गरीब के बच्चे को नि:शुल्क अंग्रेजी शिक्षा प्रदान करने वाले महात्मा गॉंधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को समीक्षा के नाम पर बंद करने कार्य किया तो प्रदेशभर में कांग्रेस इस निर्णय का विरोध कर सदन से सड×क तक लड़ाई जारी रखेगी ।

## संक्षिप्त समाचार

### अमृत ग्रुप की ओर से लोगों को कंबल वितरित




**चमकता राजस्थान। जयपुर।** अमृत ग्रुप के तत्वावधान में मालवीय नगर,गौरव टावर,झालाना में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए ,समाज सेवी राजन सरदार ने बताया पूर्व दिनों में बढ़ती सर्दी को देखते हुए अमृत ग्रुप की ओर से सभी जरूरतमंद लोगों को कंबल व गर्म वस्त्र बांटे गए। कार्यक्रम में समाजसेवी तुलसी त्रिलोकानी,गीता देवी,यशवंत सिंह, दीवीशा, जितेन्द्र सिंह, वानी, शनाया,जानवी,मलिंगा व समस्त अमृत ग्रुप मौजूद रहा

### जियो ने राजस्थान के 45 हजार से अधिक गांवों तक 4जी और 5जी सेवाओं का विस्तार किया

- राजस्थान के 54 दूरस्थ गांवों में जियो बना एकमात्र निजी टेलीकॉम सेवा प्रदाता

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** रिलायंस जियो ने राजस्थान के 45 हजार से अधिक गांवों तक 4जी और 5जी सेवाओं का विस्तार किया है। इनमें से 54 दूरस्थ गांव ऐसे हैं, जहां रिलायंस जियो डिजिटल सेवा प्रदान करने वाला एकमात्र निजी टेलीकॉम ऑपरेटर है। यह पहल ग्रामीण भारत को डिजिटल युग से




जोड़ने और जीवन स्तर में सुधार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जियो ने बीकानेर, झालावाड़ और उदयपुर जिलों के मोडिया मानसार, रामसरा, मिथरिया, ढोलिया, लैफाल, रामपुरिया, माजावड़ जैसे दूरस्थ गांवों तक विश्वसनीय डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंचाई। इससे शिक्षा और ई-गवर्नेंस सेवाओं की पहुंच आसान हुई है। साथ ही, किसानों को कृषि तकनीक और बाजार की जानकारी मिलने से उनकी आय में वृद्धि हुई है। झालावाड़ के लुहारिया गांव के 24 वर्षीय मेहरबान सिंह ने कहा, ₹पहले नेटवर्क नहीं था, लेकिन अब ऑनलाइन पढ़ाई और आजीविका के साधन सुलभ हो गए हैं।₹ सिकराली (लाडनूं), तखतपुरा (बीकानेर), रणोरा (सिरोही), माड़ा और पटिया (उदयपुर) जैसे गांवों के निवासी जियो की सेवाओं को अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हैं। झालावाड़ के कोहरीझर गांव के 29 वर्षीय मनमोहन ने बताया, ₹पहले इंटरनेट के लिए गांव से बाहर जाना पड़ता था। अब ई-मित्र जैसी सेवाओं से रोजगार के नए अवसर खुल गए हैं। इसी प्रकार, अलवर के देहलावास गांव के 25 वर्षीय सुनील कुमार मीणा ने बताया कि जियो के 5जी नेटवर्क ने न केवल पढ़ाई आसान बनाई है, बल्कि रोजगार के साधन भी उपलब्ध कराए हैं।

# नेट थिएट पर वायलिन का मंगल ध्वनि कार्यक्रम

## साज़ से हे कलाकार किसी ओर नाम की जरूरत नहीं

चमकता राजस्थान

जयपुर । नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगल ध्वनि कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध वायलिन वादक गुलज़ार हुसैन ने कार्यक्रम की शुरूआत राग बिहाग से की ।

नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि प्रिंस आफ वायलिन गुलजार ने राग बिहाग में

मध्य लय झपताल की बहुत ही सुंदर बंदिश मंगल गाओ चौक पूराओ

को गंधार व निषाद स्वरों की नजाकत के साथ बढ़त करते हुए पेश किया। उन्होंने राग बिहाग में अलाप, जोड़ के बाद स्वर विस्तार से राग की बढ़त करते हुए गमक की ताने , तीनों सप्तक की ताने के साथ सुंदर तिहाईयो से राग का श्रृंगार किया।

इस के बाद मध्यलय तीनताल में बंदिश लट उलझी सुलझा जा रे बालम को भावपूर्ण व बोल बांट के साथ प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

युवा तबला वादक मेराज हुसैन की लाजबाव संगत ने कार्यक्रम में चार



चांद लगाए। कार्यक्रम में गुलज़ार ने अपने अनोखे तरब व पांच तारो के वायलिन पर अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के बाद थियेटर कलाकार रेनू सनाढ्य से चर्चा करते हुए गुलज़ार हुसैन ने वायलिन के इतिहास के बार में अनेक जानकारी दी।


गुलज़ार ने अपने कार्यक्रम में पांच सौ वर्षों में वायलिन में हुए बदलाव को भी अपने वायलिन कलेक्शन के जरिए दर्शकों को दिखाया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने वायलिन कहा बना पर गुलज़ार ने बताया 16वीं सदी में यूरोप के इटली में आंद्रे अमाती ने प्रथम वायलिन बनाया, व आज जो हम वायलिन का रूप देखते हे उसे यूरोप के एंटोनियो स्त्रादिवरी ने पूरा किया। भारत से इस का क्या संबंध हे इस के जबाव में बताया कि अमेरिका के मशहूर संगीतज्ञ ने ये स्वीकार किया कि वायलिन का आइडिया रावण हत्ते को देखकर ही आया। गुलज़ार ने कहा किसी भी साज को दूसरे नाम की जरूरत ही नहीं हे , चाहे वो सितार , वायलिन, तबला गिटार , वीणा , इत्यादि कुछ भी हो। है जरूरत के हिसाब से उस में बदलाव किया जा सकता हे ।

कार्यक्रम में इंपीरियल प्राइम कैपिटल के संगीत रसिक मनीष अग्रवाल की ओर से कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए ।

कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, कैमरा मनोज स्वामी, संगीत तपेश शर्मा, फोटोग्राफी और वीडियो मिहिजा शर्मा, प्रकाश जीवितेश शर्मा एवं मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू की रही ।

### हिंदी पुरोधा भगवती प्रसाद देवपुरा की स्मृति में भव्य समारोह का आयोजन

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** नाथद्वारा साहित्य मंडल के संस्थापक हिंदी पुरोधा, राष्ट्रभाषा सेनानी श्री भगवती प्रसाद जी देवपुरा स्मृति एवं राष्ट्रीय बाल साहित्य समारोह का उद्घाटन 5 जनवरी को होगा एवं 6 जनवरी को कार्यक्रम का समापन होगा यह समारोह भगवती प्रसाद देवपुरा स्मृति सभागार में आयोजित होगा,



साहित्य मंडल के प्रधानमंत्री श्याम प्रकाश देवपुरा ने बताया कि इस अवसर पर देश के 20 बाल साहित्यकारों की पुस्तकों का लोकार्पण होगा एवं साहित्य मंडल द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक हरसिंगार पत्रिका का भी विमोचन होगा इस समारोह में चिकित्सा क्षेत्र चार विभूतियों को एवं हिंदी साहित्यकारों में बाल साहित्य भूषण से हरियाणा के एक, मध्य प्रदेश के एक, राजस्थान के बीच 20, उत्तर प्रदेश के 12 विभूतियां को सम्मान किया जाएगा। राजस्थान के बीकानेर एवं उदयपुर से एक-एक पत्रिका संपादक को पत्रकार श्री से विभूषित किया जाएगा। इस अवसर पर 6 तारीख को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें देशभर के 11 कवि हिस्सा लेंगे।

# राजकीय महाविद्यालय बाड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर, राजकीय महाविद्यालय बाड़ी में आज राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त सीबीईओ सुरेंद्र परमार, विशिष्ट अतिथि भारत विकास परिषद के हरिओम बंसल और सुमन बंसल थे, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने की।

शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत




माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर किया। इसके बाद सभी ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक केशव यादव ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह शिविर ग्राम अहमदपुर में आयोजित किया जाएगा। शिविर के दौरान पर्यावरण संरक्षण, जागरूकता अभियान और श्रमदान जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास और समुदाय को जागरूक करने का कार्य करेंगे।

मुख्य अतिथि सुरेंद्र परमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का महत्व समझाया। उन्होंने महापुरुषों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित करने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श वाक्य ₹स्वयं नहीं, आप₹ को जीवन में अपनाने की बात कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को आत्म-अवलोकन करने और स्वप्रेरणा से कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों के कार्यों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि सुमन बंसल ने स्वयंसेवकों के साथ अपने एनएसएस कैंप अनुभव को शायरी के माध्यम से साझा किया, जबकि हरिओम बंसल ने प्रेरक प्रसंगों से मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों को सूचना केंद्र धौलपुर से प्राप्त राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए, जिन्हें वे ग्राम अहमदपुर के ग्रामीणों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए उपयोग करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिनेश कुमार वर्मा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. धर्मेंद्र मीणा ने किया। इस अवसर पर सहायक आचार्य गुमान सिंह मीना, प्रशासनिक अधिकारी मनीष मीना सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। दोपहर भोजन के बाद स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929